सूचना

दैनिक लोक संहिता सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि लोक संहिता की अपनी प्रति प्राप्त करने के लिए आप अपने क्षेत्र के अखबार वितरक से सम्पर्क करें। लोक संहिता अखबार बाजार में भी रमेश एजेंसी एवं अर्जुन बुक डिपो निकट रोडवेज बस अड्डे से भी प्राप्त किया जा सकता है।

दैनिक लोक संहिता

खबर अंदर की

जंगली जानवर आये दिन छीन रहे किसानों का निवाला, सिस्टम मौन

खबर पृष्ठ 8 पर देखें

वर्षः 5 अंकः 276 कोटद्वार शनिवार 26 सितम्बर 2020 मूल्यः 3 रूपये पृष्ठः 8 Email: loksanhita@gmail. com 9758416901, 58551111,9045739612

लोक संहिता E-paper पढ़ने एवं लोक संहिता चैनल देखने के लिए हमारी बेवसाइट www.loksanhita.com पर लॉग इन करें तथा फेसबुक पर भी Loksanhita पेज पढ़े एवं लाइक करें। ताजा खबरों के लिए you tube पर हमारे चैनल Loksanhita को Subscribe करें।

चीन और पाकिस्तान से दोनों मोर्चों पर तैयार है भारतीय वायुसेना

सीमा पर सुखोई लड़ाकू विमान ने भरी उड़ान

नई दिल्ली, भारत और चीन के बीच चल रहे तनाव के दौरान भारतीय वायुसेना सीमा पर अपनी चौकस नजर रखे हुए। भारतीय वायुसेना न सिर्फ चीन बल्कि पाकिस्तान पर भी नजरें गड़ाए हुए हैं। भारतीय वायु सेना ने गुलाम कश्मीर (ढङ्ग्ङ) और चीन सीमा के पास एक फॉरवर्ड एयर बेस पर र४–30 टङक लड़ाकू विमान का संचालन किया। ऐसे समय में जब यह संदेह है कि चीन और पाकिस्तान दोनों भारत के खिलाफ एक साथ आ सकते हैं, भारतीय वायु सेना दोनों मोर्चों पर एक साथ निपटने के लिए तैयार है।

भारतीय वायुसेना लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टर के माध्यम से फारवर्ड एयरबेस से दोनों देशों पर पैनी नजर रखे हुए है। फारवर्ड एयरबेस जहां से पाकिस्तान 50 किलोमीटर के आसपास है और रणनीतिक दौलत बेग ओल्डी लगभग 80 किलोमीटर है।

चीन के साथ चल रहे संघर्ष के मद्देनजर लड़ाकू विमान दिन और रात सीमा पर गश्त लगा रहे हैं। परिवहन विमान लगातार वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थित ठिकानों में सैनिकों, राशन और गोला–बारूद के साथ एयरबेस के भीतर और बाहर उड़ान भर रहे हैं।

कोई भी ऑपरेशन करने के लिए तैयार है भारतीय वायुसेना

पाकिस्तान के स्कार्दू एयरबेस से खतरे और चीन–पाकिस्तान के एक साथ आने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर फ्लाइट लेफ्टिनेंट के एक भारतीय वायुसेना पायलट ने कहा कि आधुनिक प्लेटफॉर्म के कारण भारतीय वायुसेना पूरी तरह से प्रशिक्षित है और कोई भी ऑपरेशन करने के लिए तैयार है।

किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हम पूरी तरह प्रशिक्षित हैं और प्रेरित हैं। हम भारतीय वायुसेना के आदर्श वाक्य 'टच द स्काई विथ ग्लोरी' को जीते हैं। इन दुर्गम इलाकों में रात के संचालन के लिए भारतीय वायुसेना की क्षमता के बारे में बात करते हुए एक लड़ाकू पायलट ने कहा कि आज, हमारी युद्ध क्षमता बढ़ गई है, इतना है कि हम किसी भी स्थिति के दौरान रातों में भी सभी प्रकार के मिशन करने में सक्षम हैं।

आठ साल की बच्ची को मगरमच्छ ने निगला

हरिद्वार, हरिद्वार जिले के पूजा के लिए बाणगंगा में फूल तोड़ने गई आठ साल की बच्ची को मगरमच्छ ने निगल लिया। जब तक बच्ची के स्वजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचते, मगरमच्छ झाड़ियों में चला गया। ग्रामीणों ने वन विभाग और पुलिस को घटना की सूचना दी। मगरमच्छ की तलाश की जा रही है। रायसी क्षेत्र में मगरमच्छ के किसी को निगलने की यह पहली घटना है। इस घटना के बाद से ही ग्रामीणों में रोष है। दरअसल, लक्सर के रायसी क्षेत्र के कुंडी नेतवाला गांव निवासी जयेंद्र के बाणगंगा के पास खेत हैं। बाणगंगा में पानी कम होने के कारण यहां झाड़ियां उगी हुई हैं। शुक्रवार को जयेंद्र परिवार के साथ खेत में काम करने गया था। उनकी आठ साल की बेटी राधिका भी उनके साथ थी। जयेंद्र ने बताया कि सभी लोग खेत में काम कर रहे थे, इस बीच राधिका एक बच्ची के साथ बाणगंगा में उगे फूल तोड़ने चली गई। राधिका झाड़ियों में फूल तोड़ रही थी कि तभी अचानक एक मगरमच्छ वहां पहुंच गया और उसने बच्ची को जकड़ लिया। जब तक दूसरी बच्ची शोर मचाती मगरमच्छ ने राधिका को निगल लिया। बच्ची के शोर मचाने पर आसपास के खेत में काम कर रहे ग्रामीण और स्वजन मौके पर पहुंचे। बच्ची ने उन्हें घटना के बारे में बताया। मगरमच्छ की झाड़ियों में तलाश की गई, लेकिन वह नही मिला। ग्रामीणों ने वन क्षेत्राधिकारी मयंक अग्रवाल और रायसी चौकी प्रभारी ब्रजपाल सिंह को घटना की सूचना दी।

बिहार में 3 चरणों में होंगे विधानसभा के चुनाव

◆28 अक्टूबर, 3 नवंबर और 7 नवंबर को मतदान ◆10 नवंबर को होगी मतगणना ◆क्वारंटाइन किये गये वोटर भी डाल सकेंगे वोट ◆उम्मीदवार आनलाइन भी भर सकेंगे नामांकन

नयी दिल्ली, चुनाव आयोग ने आज बिहार विधानसभा चुनावों की घोषणा कर दी। चुनाव 3 चरणों में होगा। पहले चरण का मतदान 28 अक्तूबर को होगा। इसमें 16 ज़िलों की 71 सीटों पर चुनाव होगा। दूसरे चरण में 3 नवंबर को 17 ज़िलों की 94 सीटों पर मतदान होगा। तीसरे चरण में 7 नवंबर को 15 जिलों की 78 सीटों पर वोटिंग होगी। सभी चरणों के मतदान का परिणाम 10 नवंबर को घोषित किया जायेगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने आज पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश में कोरोना वायरस महामारी के दौर में यह पहला बड़ा चुनाव है। अरोड़ा ने बताया कि इस चुनाव में नामांकन पत्र अब आनलाइन भी भरे जा सकेंगे। आफलाइन का प्रावधान भी रहेगा। साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ध्यान रखा जायेगा। वोटिंग सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगी। 243 सदस्यों वाली बिहार विधानसभा का कार्यकाल 29 नवंबर को समाप्त हो रहा है। विशेष बात यह रहेगी कि इस चुनाव में चारंटाइन किये गये वोटर भी वोट डाल सकेंगे। उन्होंने बताया कि मतदान के लिये हर बूथ पर केवल 1000 मतदाता होंगे। कुल 1 लाख से अधिक पोलिंग बूथ बनेंगे। उन्होंने बताया कि कोरोना को देखते हुए मतदान के दौरान 7 लाख सेनेटाइजर्स और 25 लाख ग्लव्स उपलब्ध कराये जायेंगे। साथ ही 46 लाख मास्क का इस्तमाल होगा और 6 लाख पीपीई किट उपलब्ध रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि कोरोना के कारण कई विपक्षी पार्टियां चुनाव स्थगित करने की बात कह रही थीं। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए की सहयोगी पार्टी ने भी चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखकर चुनाव टालने का आग्रह किया था।

एक नजर

राज्यों के लिए फिर शुरू होगी उत्तराखंड रोडवेज बस सेवा

देहरादून, उत्तर प्रदेश के साथ ही पांच राज्यों के लिए रोडवेज बस सेवा फिर शुरू करने जा रहे उत्तराखंड रोडवेज की बसें फिलहाल दिल्ली में प्रवेश नही कर सकेंगी। दरअसल, दिल्ली ने बसों की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। ये प्रतिबंध केवल उत्तराखंड पर ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों की बसों पर भी है। इस सूरत में उत्तर प्रदेश की बसें गाजियाबाद में अपने कौशांबी बस अड्डे तक जा रही हैं। उत्तराखंड को भी उत्तर प्रदेश ने कौशांबी तक बसों के संचालन का प्रस्ताव दिया है। वहां से दूसरे साधनों से यात्रियों को दिल्ली जाना पड़ेगा।कोरोना के चलते 22 मार्च से उत्तराखंड में अंतरराज्यीय परिवहन बंद पड़ा है। गत कुछ दिनों से उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश की ओर से उत्तराखंड राज्य में बस संचालन फिर शुरू करने की अपील की जा रही। उत्तर प्रदेश ने तो रूटवार बसों का चार्ट बनाकर भी भेजा हुआ। उत्तराखंड रोडवेज और परिवहन विभाग भी सरकार से बस सेवाओं के आवागमन की मांग कर रहे थे। ऐसा इसलिए भी है कि अब उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों की बसें एक–दूसरे प्रदेशों में आने–जाने लगी हैं। वहीं, बसें संचालित नहीं होने से उत्तराखंड रोडवेज घाटे में डूब चुका है और अब सरकार के लिए भी उसे वेतन उपलब्ध करा पाना टेढ़ी खीर बन गया है। ऐसे में सरकार ने अंतरराज्यीय परिवहन खोलने पर हामी भर दी है। आज–कल में इसके आदेश हो सकते हैं। वहीं, रोडवेज ने भी बस संचालन की तैयारी कर ली है। यह भी बताया जा रहा कि हिमाचल के साथ ही चंडीगढ़ के लिए भी बस सेवा शुरू की जाएगी। अब अपनी बसें हल्द्वानी, नैनीताल और कुमाऊं मंडल के अन्य जनपदों में भी जा सकेंगी।

उत्तराखंड में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया में लाई जाएगी तेजी, सीएम रावत ने दिए ये निर्देश

देहरादून, प्रदेश में इस समय सरकार का फोकस सभी विभागों में सीधी भर्ती के रिक्त चल रहे पदों को भरने पर है। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कुछ दिनों पूर्व प्रदेश में रिक्त पदों पर भर्ती की प्रगति को लेकर समीक्षा की थी। अब कार्मिक विभाग सभी विभागों को पत्र लिखकर रिक्त पदों की संख्या बताने के साथ ही भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश देने की तैयारी कर रहा है।प्रदेश में इस समय कई विभागों में पद रिक्त चल रहे हैं। इसका कारण विभागीय पदोन्नति न होना भी है। कुछ समय पहले सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के क्रम में सभी विभागों में पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी लाई गई है। नतीजतन निचले संवर्ग के पद तेजी से खाली हो रहे हैं। कोरोना काल में बड़ी संख्या में युवा विभिन्न प्रदेशों से वापस उत्तराखंड लौटे हैं। प्रदेश सरकार का मकसद इन युवाओं को रोजगार देना भी है। इनमें से ऐसे युवा, जो अभी सरकारी सेवा पाने की आयु व पात्रता रखते हैं, उन्हें प्रदेश सरकार सरकारी सेवाओं में सेवायोजित करना चाहती है। इसी कड़ी में बीते दिनों मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने लोक सेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग और चिकित्सा सेवा चयन आयोग के साथ बैठक कर रिक्त पदों को भरे जाने लेकर समीक्षा की थी।

केएमसी में फूटा कोरोना का बम, 42 लोग कोरोना पॉजिटिव

लोक संहिता प्रतिनिधि

कोटद्वार। नगर निगम कोटद्वार के सिगड्डी क्षेत्र में बने सिडकुल स्थित कंपनी केएमसी इलेक्ट्रॉनिक प्राइवेट लिमिटेड में कुछ दिन पहले ही कोरोना संक्रमितों के मामले पाए गए थे। जिसके बाद से वहां कार्यरत कर्मचारियों का कोरोना टेस्ट किया जा रहा है जिसमें आज कोरोना के 42 मामले पॉजिटिव पाए गए है।

वहीं, उपजिलाधिकारी कोटद्वार योगेश मेहरा ने बताया कि, सिडकुल क्षेत्र में संक्रमित पाए गए सभी कर्मचारियों को कोविड केयर सेंटर लाया जा रहा है और उनके संपर्क में आये अन्य लोगों को भी चिन्हित किया जा रहा है, जिसके बाद उनकी भी कोरोना जाँच हेतु सैंपल लिए जायेंगे। कोरोना संक्रमण का और अधिक प्रसार न हो इसके लिए एहतिहातन केएमसी इलेक्ट्रॉनिक को फिलहाल शासन के अग्रिम आदेश आने तक बंद किया गया है।

बालीवुड के दिग्गज गायक एसपी बाला सुब्रमण्यम का कोरोना से निधन

चेन्नई, प्रसिद्ध पार्श्व गायक एसपी बालासुब्रमण्यम नहीं रहे। कोविड-19 के कारण चेन्नई में उनका निधन हो गया। उनके पुत्र एसपी चरण ने उनके निधन का दुखद समाचार दिया।

वह 74 साल के थे। कोरोना से एक लंबी जंग लड़ने के बाद चेन्नई के एमजीएम अस्पताल में उन्होंने शुक्रवार को अंतिम सांस ली।

एसपी बालासुब्रमण्यम 5 अगस्त को कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे जिसके बाद वह एमजीएम अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें कोरोना के बेहद हल्के लक्षण थे लेकिन फिर भी उन्होंने कोई रिस्क न लेते हुए अस्पाताल में भर्ती होने का फैसला लिया था। उनके पुत्र चरण ने उनके दुखद निधन की सूचना दी।

कृषि विधेयकों के खिलाफ किसानों के 'भारत बंद' को विपक्ष का मिल रहा समर्थन

नईदिल्ली, कृषि संबंधी तीन विधेयकों को संसद से मंजूरी मिलने के बाद अभी इस पर घमासान कम नहीं हुआ है।

बीते दिन कांग्रेस द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन के बाद आज से पंजाब में भी रेल रोको आंदोलन शुरू हो गया है। पंजाब की किसान मजदूर संघर्ष समिति ने साफ किया है कि वो कृषि विधेयकों के खिलाफ 24 से 26 सितम्बर तक रेल रोको आंदोलन चलाएंगे। ऐसे में इन विधेयकों को लेकर देशभर में किसानों का आज 'भारत बंद' है और उनके इस बंद को विपक्ष का पूरा समर्थन मिल रहा है। इसके लिए कांग्रेस कार्यकर्ता जहां देशभर में सड़कों पर उतरे हैं, वहीं आम आदमी पार्टी पंजाब में किसानों के साथ है और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश में किसानों के साथ प्रदर्शन कर रहे हैं।लोकसभा और राज्यसभा से पारित कृषि विधेयक के खिलाफ किसान संगठन बेहद गुस्से में हैं। इसी वजह से देशभर में आज किसान संगठन ने भारत बंद बुलाया है। राजधानी दिल्ली में किसानों का विरोध प्रदर्शन होना है। किसानों के इस प्रदर्शन में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी उनके साथ खड़ी है। आज कांग्रेस पार्टी भी जंतर मंतर पर किसान विधेयकों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी। इससे पहले गुरुवार को यूथ कांग्रेस ने दिल्ली में मशाल जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया था।कृषि विधेयकों के खिलाफ संसद में आवाज उठाने के बाद अब सड़कों पर भी कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि मोदी सरकार किसानों के खेत पर लात मार रही है, जो किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने ट्वीट कर कहा, पेट में अंगारे और मन में तूफ़ान लिए देश का अन्नदाता किसान और भाग्यविधाता खेत मज़दूर 'भारत बंद' करने को मजबूर है।

उत्तराखंड में 1488 संक्रमित हुए स्वस्थ, 928 नए मामले,13 की मौत

देहरादून, उत्तराखंड में कोरोना वायरस का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि, राहत की बात है कि संक्रमित मरीजों के स्वस्थ होने की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। शुक्रवार को 1488 लोग ठीक हुए हैं, जबकि 928 मामले सामने आए हैं। सबसे ज्यादा 203 संक्रमित देहरादून से हैं। इसके अलावा 173 नैनीताल, 117 ऊधमसिंह नगर, 107 पौड़ी गढ़वाल, 87 हरिद्वार, 65 चमोली, 51 अल्मोड़ा, 33 टिहरी गढ़वाल, 30 चंपावत, 24 उत्तरकाशी, 21 बागेश्वर, 13 रुद्रप्रयाग, चार पिथौरागढ़ से हैं। प्रदेश में अब संक्रमितों की संख्या बढ़कर 45332 हो गई है, जबकि 33642 लोग ठीक हो चुके हैं। वर्तमान में 10934 केस एक्टिव हैं, जबकि 555 की मौत हो गई है। इसके अलावा 201 मरीज राज्य से बाहर जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, सरकारी व निजी लैब से प्राप्त 9766 सैंपल की रिपोर्ट में 9082 निगेटिव आई हैं। पिछले दस दिन में यह पहली बार है, जब राज्य में एक दिन में दस हजार से कम जांच हुई। देहरादून में सर्वाधिक 161 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। ऊधमसिंह नगर में 131 लोग संक्रमित मिले हैं। अल्मोड़ा में भी कोरोना ने कहर बरपाया है। यहां कोरोना संक्रमण के 114 नए मामले मिले हैं, जिनमें धौलादेवी ब्लॉक के काभड़ी गांव में ग्राम प्रधान समेत 91 की रिपोर्ट पॉजिटिव आने से हड़कंप मच गया। उत्तराखंड में यह पहली बार है, जब किसी गांव में एक साथ इतनी अधिक संख्या में कोरोना संक्रमित मिले हैं। हरिद्वार में 80 नए मामले मिले हैं। नैनीताल में भी 58 लोग संक्रमित पाए गए। इसके अलावा उत्तरकाशी में 42, पौड़ी में 32, पिथौरागढ़ में 27, चमोली में 17, रुद्रप्रयाग में 14, चंपावत में पांच और बागेश्वर में तीन व्यक्ति संक्रमित मिले हैं।

रिकवरी दर 72.41 फीसद

प्रदेश में रिकवरी दर 72.41 फीसद पहुंच गई है। गुरुवार को 313 ऊधमसिंह नगर, 227 नैनीताल, 191 देहरादून, 113 हरिद्वार, 65 पौड़ी, 58 उत्तरकाशी, 28 पिथौरागढ़, 20 चमोली, 10 चंपावत, पांच टिहरी व एक मरीज अल्मोड़ा में डिस्चार्ज किया गया।

12 मरीजों की मौत

कोरोना संक्रमितों की मौत का आंकड़ा सिस्टम की बेचैनी बढ़ा रहा है। पिछले कुछ वक्त से हर दिन औसतन 10 से 12 मरीज दम तोड़ रहे हैं। गुरुवार को भी 12 मरीजों की मौत हुई। इनमें एम्स ऋषिकेश में छह मरीजों की मौत हुई है। हल्द्वानी स्थित डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में तीन मरीजों ने दम तोड़ दिया।

अनंतनाग में सुरक्षाबलों ने ढेर किए लश्कर के दो आतंकी

-पुलिस ने पूरे इलाके को किया सील

श्रीनगर,जम्मू-कश्मीर भारतीय सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता हासिल की है। यहां के अनंतनाग जिले में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के 2 आतंकवादियों को मार गिराया है। अनंतनाग क्षेत्र के सिरहामा में एनकाउंटर हुआ है। इस दौरान आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच भारी गोलीबारी हुई है। मारे गए आतंकवादियों के पास से सुरक्षाबलों ने हथियारों और गोला-बारूद सहित विस्फोटक सामग्री बरामद की है। एनकाउंटर के बात सेना की तरफ से पूरे इलाके को सील कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। यहां आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच गुरुवार को मुठभेड़ हुई थी, उसी जगह पर आज भी एनकाउंटर चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में गुरुवार को ही सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी। इसी मुठभेड़ में आज सुबह बिजबेहारा के सिरहामा गांव में दो आतंकियों को मार गिराया गया। इलाके में सुरक्षाबलों का ऑपरेशन अब भी जारी है। सूत्रों के अनुसार मारे गए आतंकियों में से एक उच्च स्तरीय कमांडर है जो पिछले तीन साल से सक्रिय था।

इससे पहले एक अन्य अधिकारी ने बताया था कि पुलिस की संयुक्त टीम, सेना की 03 आरआर और सीआरपीएफ को इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर तलाशी अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि जैसे ही पुलिस और सेना की टीम संदिग्ध जगह पर पहुंची, वहां पहले से छिपे हुए आतंकियों ने उनपर फायरिंग शुरू कर दी।

तकनीकी में बदलाव ने शिक्षण को चुनौतीपूर्ण बनाया–डा.घनशाला

लोक संहिता प्रतिनिधि

देहरादून। ग्राफिक एरा ग्रुप के अध्यक्ष और प्रसिद्ध शिक्षाविद् प्रो. (डा.) कमल घनशाला ने कहा कि टीचिंग और लर्निंग चुनौतीपूर्ण कार्य है और तकनीकी क्षेत्र मे आ रहे बदलावों ने इसे और चुनौतीपूर्ण बना दिया है। डा.घनशाला ग्राफिक एरा के ऑनलाईन इन्डक्शन प्रोग्राम के 10वें दिन छात्र-छात्राओं को वेबीनार के जरिए सम्बोधित कर रहे थे।

डा.घनशाला ने कहा कि आज टेक्नोलॉजी में तेजी से बदलाव आ रहा है ऐसे में जरूरी है कि शिक्षक और छात्र-छात्राएं भी अपने आप को अपडेटेड रखें। सफल होने के लिए जरूरी है कि हमें अपनी कमियों का पता हो तभी उन्हें सुधारा जा सकता है।

डा.घनशाला ने नए छात्र-छात्राओं को प्रेजेण्टेशन के माध्यम से ग्राफिक एरा के 27 सालों के सफर के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ग्राफिक एरा आज देश की टॉप 100 युनिवर्सिटी की सूची में शामिल है और 20,000 से ज्यादा एल्युमिनाई देश-विदेश की टॉप कम्पनियों में उच्च पदों पर काम कर रहे हैं।

डा.घनशाला ने अपने 52 मिनट के प्रेजेण्टेशन में ग्राफिक एरा की उपलब्धियों के साथ नई योजनाओं और प्रोजेक्ट्स पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि अगले वर्ष की शुरूआत में ग्राफिक एरा चिकित्सा क्षेत्र में लोगों की आवश्यकताएं पूरी करने लगेगा। डा.घनशाला ने कहा कि दुनिया की नई से नई टेक्नोलॉजी अपनाने और विश्व के बेहतरीन विश्वविद्यालयों और कोरपोरेट में दीर्घ अनुभव रखने वाली फेकल्टी एवं प्रतियोगी माहौल ने ग्राफिक एरा के बीटेक के छात्रों को 55 लाख रूपये वार्षिक पैकेज तक पहुंचा दिया। देश के सबसे बड़े प्रबन्धन संस्थान आईआईएम अहमदाबाद तक ग्राफिक एरा के छात्र को प्रवेश मिलना ग्राफिक एरा की शिक्षा के उच्च स्तर के प्रमाण हैं। इसी तरह आईआईएससी बंगलुरू, आईआईटी मुम्बई, आईएमए जैसे संस्थानों में ग्राफिक एरा के छात्रों को प्रवेश मिला है।

ग्राफिक एरा केवल उच्च गुणवत्ता की शिक्षा के जरिए बेहतरीन प्रोफेशनल्स ही नहीं बनाता बल्कि बेहतरीन इंसान भी बनाता है। देश और समाज के सुख-दुख से छात्र-छात्राओं को जोड़ने के लिए कोरोना और आपदा के हर दौर में ग्राफिक एरा मदद के लिए खुद आगे आता है। कोरोना काल में किसी को भूखा ना रहने देने के अभियान के तहत ग्राफिक एरा ने 45 टन से ज्यादा खाद्यान्न, दाल, तेल, मसालों का वितरण किया। इसके साथ ही सेना, पुलिस प्रशासन को कोरोना वारियर्स की मदद के लिए बड़े पैमाने पर मास्क बना कर दिए गए। सेनिटाइजर और फेस शिल्ड्स भी पुलिस को दी गई।इन्डक्शन के दौरान डा.घनशाला ने छात्र-छात्राओं के सवालों के जवाब भी दिए।

नए कृषि विधेयक से किसान बनेंगे गुलामःराहुल

नईदिल्ली, मोदी सरकार द्वारा संसद में पारित कृषि विधेयकों के खिलाफ किसानों का विरोध प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज किसान विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कई किसान संगठनों ने आज राष्ट्रव्यापी भारत बंद बुलाया है। अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति, अखिल भारतीय किसान महासंघ और भारतीय किसान यूनियन द्वारा देशव्यापी भारत बंद का आह्वान किया गया है। इसी बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत बंद का समर्थन दिया है। राहुल गांधी ने मोदी सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा है कि नए कृषि कानून हमारे किसानों को गुलाम बनाएंगे।

कृषि में सुधार को लेकर पारित विधेयक को किसान विरोधी करार दिया

लोक संहिता प्रतिनिधि

सितारगंज,आम आदमी पार्टी(आप)के कार्यकर्ताओं ने कृषि में सुधार को लेकर पारित विधेयक को किसान विरोधी करार देते हुए बाजार में प्रदर्शन किया । साथ ही अमरिया चौक पर मार्ग में बैठकर दो घण्टे से अधिक समय तक चक्का जाम भी किया।उन्होंने इसी दौरान गन्ना भुकतान आदि के सम्बंध मुख्य चोक पर एसडीएम वार्ता की।प्रदेश अध्यक्ष एस एस कलेर के आह्वान पर आम आदमी पार्टी के तमाम कार्यकर्ता कोतवाली के सामने पुरानी तहसील में एकत्र हुए।बाद में बैनर पोस्टरों के साथ प्रदर्शन करते हुए नगर से होते हुए अमरिया चौक पहुँचे।उन्होंने इस दौरान केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए और संसद में पारित किसानों व कृषि से सम्बंधित तीनों अध्यदेशो को तत्काल वापस लेने की माँग की।इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष एस एस कलेर ने कहा कि तीनों अध्यदेश किसानों की कमर तोड़ने वाले हैं ।पार्टी

इन अध्यदेशों के खिलाफ व्यापक आंदोलन करेगी और किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ेगी।उन्होंने कहा कि लोक सभा व राज्य सभा में पारित उक्त विधेयक पूरी तरह से किसान विरोधी है।इनके खिलाफ देशभर के किसान और खेत मजदूर सड़कों पर है।विधयकों को काला कानून करार देते हुए कहा कि इससे मोदी सरकार के सबका साथ सबका विकास का मुखोटा उतर गया है।कलेर ने कहा कि सरकार ने बतानुकूलित बन्द कमरों में बैठकर यह किसान विरोधी अध्यदेश तैयार किये है और इससे पूंजीवाद को बढ़ावा देने की कोशिश की है।अध्यदेश तैयार करने आदि में किसानों से किसी तरह की कोई राय नहीं ली गयी।इसको लेकर किसान सकते में हैं।कार्यकर्ताओं ने इस दौरान किसान एकता जिन्दावाद, केंद्र व राज्य सरकार मुर्दावाद,आम आदमी पार्टी जिन्दावाद,जय जवान जय किसान व जो सरकार निकम्मी है वह सरकार बदलनी है समेत अन्य तमाम नारे लगाए और अमरिया चौराहे पर मार्गों पर बैठकर आवागमन अवरुद्ध किया।

इस दौरान चौराहे के चारों तरफ दूर दूर तक वाहनों का कतारें लग गयी।इस दौरान एसडीएम मुक्ता मिश्र सीओ सुरजीत कुमार व तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी से किसानों के गन्ना भुकतान आदि के सम्बंध में वहीं बातचीत की और बाद में उनके अस्वाशन पर प्रदर्शन समाप्त कर वापस लौट गए।इस मौके पर कोतवाल सलाउद्दीन सरकड़ा चौकी इंचार्ज हरविंदर सिंह के अलावा आम आदमी पार्टी के जोनल संगठन मंत्री परवीन कुमार मीडिया प्रभारी अभिताभ सक्सेना ,आमीर हुसैन,गौरभ पाल ,नितिन गौतम,विक्की सौदा,मुकेश चावल,डॉक्टर विनय मंडल ,सुप्रीत सिंह भाटिया,जसवीर सिंह,बलवीर सिंह समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

पंडित दीनदयाल की जयंती पर भाजपा ने किया माल्यार्पण

लोक संहिता प्रतिनिधि

नैनीताल । भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओ ने पंडित दीनदयाल की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको याद किया।व फल वितरण किया गया।

तथा इस दौरान वरिष्ठ रंगकर्मी सुभाष चंद्रा का भी सम्मान किया। रंगकर्मी सुभाष चंद्रा को एपीजे अब्दुल कलाम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष विवेक साह अरविंद पडियार, पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज जोशी,भूपेंद्र सिंह,सुरेश चंद,हरीश भट्ट,फैलज कुरेशी, रोहित भाटिया,देव् बिष्ट विश्वकेतु वैद्य जतिन शर्मा,आशु उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

नदी के बहाव में फंसे ग्रामीण व मवेशियों को बाहर निकाला

लोक संहिता प्रतिनिधि

सितारगंज। षक्तिफार्म पुलिस ने नदी के बहाव में फंसे चरवाहे व 13 मवेषियों को बड़ी मषक्कत के बाद सकुषल बाहर निकाल लिया।

बताया जाता है कि चितरंजन मंडल पुत्र स्व. पांचकड़ी मंडल निवासी ग्राम भक्ति नगर, जेल कैंप नंबर 5, शक्ति फार्म गुरूवार की प्रातः 10 बजे मवेषियों को चराने सूखी नदी पार कर जंगल गया था। सायं लगभग पांच बजे जब वह मवेषियों को चरा कर नदी पार कर वापस घर आ रहा था तभी अचानक सूखी नदी में बाढ़ आने से नदी का बहाव व जलस्तर काफी बढ़ गया। जिस कारण चितरंजन मंडल मवेषियों (12 भैंस, 1 गाय) सहित नदी के बीचों–बीच रेत के टीले में फंस गया।

चैकी पुलिस को इसकी सूचना प्राप्त होते ही चैकी प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट, कांस्टेबल जगदीश कोठियाल,

कुंदन सिंह, दीपक सिंह रावल रेस्क्यू किट रस्सा, लाइफ जैकेट, ड्रैगन लाइट आदि लेकर स्थानीय व्यक्तियों के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त कर लाइफ जैकेट, रस्सी की मदद से उफनती हुई नदी में उतर कर चितरंजन मंडल व मवेषियों को रेस्क्यू कर सकुशल नदी से बाहर निकाला गया। स्थानीय जनता ने त्वरित गति से किए गए इस कार्य के लिए पुलिस का आभार प्रकट करते हुए पुलिस के उक्त कार्य की खुले दिल से प्रशंसा की हैं।

महिला को तीन तलाक देकर घर से निकाला

लोक संहिता प्रतिनिधि

सितारगंज। डेढ़ वर्श पूर्व वियाही गई महिला ने पति व ससुरालियों के खिलाफ तीन तलाक देने व दहेज के लिए उत्पीड़ित करने की तहरीर दी हैं।

नगर के वार्ड पांच निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि उसकी भतीजी का विवाह 17 मार्च 2019 को समीप के ही गांव के युवक से मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद ही उसका पति व ससुराली उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे थे। वे उस पर चैपहिया वाहन व पांच लाख की नगदी लाने का दबाव डालते थे। इसके बावजूद वह उनका उत्पीड़न सहती रही। बताया गया कि जब भतीजी का पुत्र पैदा हुआ तो उसके माता–पिता ने उसके ससुरालियों को 50 हजार रुपये व

कीमती उपहार दिये। इसके बाद भी उत्पीड़न बंद नहीं हुआ। कुछ समय बाद उन्हें फिर 50 हजार रुपये दिये गये। बताया गया कि भतीजी के पति की षराब व जुये की लत के चलते वे लोग उसके साथ अक्सर मारपीट करते थे। जब उसने इसके खिलाफ आवाज उठाई तो 25 सितंबर को उसे मारा पीटा व पहने हुये कपड़ों के साथ ही पति ने तीन तलाक देकर नंगे पांव घर से निकाल दिया। वह यहां अपने चाचा के घर पहुंची। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कृषि संबंधी बिलों को वापस लेने की मांग की

अल्मोड़ा। अखिल भारतीय किसान महासभा ने केंद्र सरकार के कृषि संबंधी बिलों को वापस लेने की मांग की। दस सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से राष्टपति को भेजा। शुक्रवार को एसडीएम राहुल शाह को सौंपे ज्ञापन में राष्टपति से संसद में कृषि सबंधी बिलों को वापस लेने के लिये केंद्र सरकार को निर्देशित करने की मांग की।

इसके साथ ही जन विरोधी बिजली सुधार कानून रद्द करने, किसानों की संपूर्ण कर्ज माफी व कृषि भूमि संरक्षण कानून बनाने, किसानों के साथ ग्रामीण मजदूरों के लिये सुनिश्चित आय कानून, खाद्य सुरक्षा गारंटी के लिये आनाज, दलहन व तिलहन की खरीद, भंडारण, वितरण सरकारी क्षेत्र के लिये सुरक्षित करने, पेट्रोल डीजल व गैस को जीएसटी दायरे में लाने आदि की मांग की है।

कृषि अध्यादेश 2020 को लेकर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

लोक संहिता प्रतिनिधि

सितारगंज ,केंद्र सरकार द्वारा भरे पारित किए गए कृषि अध्यादेश 2020 को लेकर भारतीय किसान यूनियन के भारत वन बंद के आवाहन के चलते आज यूनियन के सदस्यों में सितारगंज में भी जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेसी युवा किसान नेता नवतेजपाल सिंह में कृषि अध्यादेश को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि अध्यादेश के अंतर्गत एसोसिएट एक्ट 1955 में बदलाव किए जाने से कालाबाजारी बढ़ने की संभावना है प्रबल होती जा रही है सरकार द्वारा नई व्यवस्था के अंतर्गत कृषि उत्पादों की स्टॉक लिमिट को खत्म किया जा रहा है जिससे कालाबाजारी और जमाखोरी बढ़ना

तय है स्वाभाविक है कि व्यापारी कम दामों में कृषि उत्पादों का भंडारण कर इसे मनमाने दामों पर बेचकर मुनाफा कमाएंगे तथा देश की जनता को कालाबाजारी का शिकार बनना पड़ेगा व्यापारी मनमाने रेट ऑफर किसानों की फसलें खरीदने खरीदेंगे के लिए स्वतंत्र हो जाएंगे बाद में फसलों के मनमाने दाम वसूल किए जाएंगे किसान नेता साहब सिंह ने कहा कि उस काले कानून के अंतर्गत एमएसपी की गारंटी को सरकार खत्म करने जा रही है जिस कारण काश्तकारों को सरकार द्वारा समर्थन मूल्य की गारंटी समाप्त हो जाएगी तथा उसे व्यापारियों के रहमों करम पर आश्रित होना पड़ेगा बड़े औद्योगिक घरानों को फायदा पहुंचाने की नियत से सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम सरासर गलत है आने वाले समय में यह अध्यादेश किसानों के लिए भारी परेशानी खड़ा करने वाला साबित होगा इस दौरान भाकियू के सैकड़ों सदस्यों ने नगर के मुख्य मार्गों पर जुलूस निकालकर बाजार बंद कराई इस दौरान किसानों ने व्यापारियों से किसानों का साथ देने की अपील भी की कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरसेवक सिंह महार जगदीश सिंह हरचरण सिंह रणजीत सिंह गुरु साहब सिंह नवजोत सिंह हरपाल सिंह देवेंद्र सिंह आदि सैकड़ों लोग शामिल थे।

संक्षिप्त समाचार

जन संघ के संस्थापक पं दीन दयाल उपाध्याय का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैःविवेक

किच्छाःभाजपा के नगराध्यक्ष विवेक राय के नेतृत्व मे भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर के दीन दयाल उपाध्याय चौक पर एकत्र होकर जनसंघ के संस्थापक पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर फूलमाला पहनाई।इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा नगराध्यक्ष विवेक राय ने कहा कि जन संघ के संस्थापक पं दीन दयाल उपाध्याय का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है हम सभी को जन संघ के संस्थापक पं दीन दयान उपाध्याय के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।इसके उपरांत भाजपा नगराध्यक्ष विवेक राय ने कार्यक्रम मे मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं को जन संघ के संस्थापक पं दीन दयाल उपाध्याय के पदचिन्हों पर चलकर समाज के अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुचा है ताकि हर वर्ग का समान रूप से विकास हो सकें।इस मोके हरीश पंत अशोक रघुवंशी किशन गोयल ,राकेश गुप्ता,प्रकाश पंत,भूपेंद्र नेगी,गोल्डी गोराया,शरीफ मालिक , राकेश कश्यप, राजकुमार गुप्ता, पूरन भट्ट, गुलशन सिंधी, मुरली यादव,नीरज बजाज ,गिरीश वर्मा ,हर्ष गंगवार ,सुरेंद्र , रजत मिश्रा, चूरामणि सागर, विनोद कोरी, ताहिर अहमद एवं अन्य लोगों ने माल्यार्पण कर जनसंघ के संस्थापक को याद किया।

पं दीनदयाल उपाध्याय ने राष्ट्र सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दियाःभाजपा

लालपुरःग्राम लालपुर क्षेत्र स्थित भाजपा कार्यालय पर लोकसभा सांसद प्रतिनिधि विपिन जल्होत्रा एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हरीश कुमार खानवानी के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक एवं जन नायक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी इस दौरान लोकसभा सांसद प्रतिनिधि विपिन जल्होत्रा एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हरीश कुमार खानवानी ने संयुक्त रूप से कहा कि जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय एकात्म मानववाद के जनक रहे हैं उनका समाज के अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए अंत्योदय का विचार था भाजपा आज उन्हीं के विचारों पर आगे चल रही है।उन्होंने ने कहा पं. उपाध्याय ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से प्रेरणा लेकर प्रचारक जीवन जीकर राष्ट्र सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया।इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि विपिन जल्होत्रा, हरीश खानवानी, बलजीत गाबा, मयंक तिवारी, अमित मदान, हरविंदर सिंह चुघ, रमेश चंद्र गुड्डू, परमजीत सिंह, लक्ष्मण जेठवानी, रवि ठुकराल एवं अन्य लोग आदि मौजूद थे।

कांग्रेस ने फूंका भारत सरकार का पुतला

नैनिताल । जिला एवं नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष क्रमशः सतीश नैनवाल व अनुपम कबड्वाल के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने किसान विरोधी विधेयक के खिलाफ भाजपा सरकार का पूतला मल्लीताल रिक्शा स्टैण्ड में फूँका।

जिसमें पूर्व विधायक सरिता आर्य,हल्द्वानी महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल छिमवाल, सभासद पुष्कर बोरा, राजू टाँक,कैलाश अधिकारी, गोपाल बिष्ट, राजेश वर्मा, सूरज पाँडे,जया बिष्ट,मनमोहन कनवाल, संजय कुमार, मो.जुनैद आदि।

विधायक शुक्ला ने मुख्यमंत्री से मुलाकात क्षेत्र की कई समस्याओं से अवगत कराया

लोक संहिता प्रतिनिधि

देहरादूनः विधायक राजेश शुक्ला ने मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत व कृषि मंत्री सुबोध उनियाल से मुलाकात कर हल्दी स्थिति उत्तराखंड बीज एवं तराई विकास निगम में एम0डी0 न होने से कर्मचारियों के कई माह से रुके वेतन भुगतान व पंतनगर के ठेकाकर्मियों को उपनल के बराबर न्यूनतम वेतन व पूरे माह काम देने के लिए विश्वविद्यालय को पर्याप्त बजट देने का आग्रह किया।

आज देहरादून में मुख्यमंत्री सचिवालय में माननीय मुख्यमंत्री श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत व विधानसभा स्थित माननीय कृषि मंत्री श्री सुबोध उनियाल जी के कार्यालय में मुलाकात कर विस्तार से उत्तराखंड बीज एवं तराई विकास निगम व पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।विधायक राजेश शुक्ला ने बताया कि शीघ्र ही उत्तराखंड बीज एवं

तराई विकास निगम को एम0डी0 मिल जाएगा, माननीय मुख्यमंत्री श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत एवं कृषि मंत्री सुबोध उनियाल तथा कृषि सचिव ने यह भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के ठेकाकर्मियों को वेतन देने की दिशा में सरकार गंभीर है तथा कोविड–19 से उभरने के बाद इस संबंध में शीघ्र ही बड़ा निर्णय होगा।विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि जो लोग मजदूरों को गुमराह कर गलत राजनीति कर रहे हैं वह कभी मजदूरों के हितैषी नहीं रहे तथा उनकी पार्टी के शासन के दौरान मजदूरों के हितों के अनुरूप निर्णय करने की बजाय मजदूरों पर लाठीचार्ज एवं मुकदमा लादने का काम किया गया, यह लोग कभी पंतनगर– हल्दी के श्रमिकों के हितैषी नहीं रहे हैं।

सांसद अजय भट्ट ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जानकारी

लोक संहिता,प्रतिनिधि

नैनिताल ।– कोरोना संक्रमणकाल के चलते क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक ली। उन्होंने जनपद में कोविड संक्रमण एवं मरीजों की विस्तृत जानकारी ली। श्री भट्ट ने पीएम किसान सम्मान निधि की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद के पात्र किसानों को योजना का लाभ मिले तथा कोई भी पात्र किसान सम्मान निधि से वंचित न रहे। बैंक खाते, आईएफएससी कोड, दस्तावेजो में त्रुटि एवं अन्य कारणों से सम्मान निधि प्राप्त करने से किसानों से सभी औपचारिकताऐं प्राथमिकता से पूर्ण कराते हुए लाभांवित करना सुनिश्चित करें।श्री भट्ट ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, नरेगा, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, दीन दयाल ग्रामीण कोशल योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम कृषि सिंचाई योजना, मिशन अन्त्योदय, एनएचएम, सर्व शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास, पीएम कौशल विकास योजना, ई–राष्ट्रीय कृषि बाजार, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना आदि महत्वपूर्ण योजनाओं की गहन समीक्षा की। वीसी में विधायक संजीव आर्य ने कोविड–19 संक्रमण, पीएमजीएसवाई नैनीताल विधानसभा क्षेत्र में बनने वाले सड़कों एवं प्रस्तावित सड़कों के बारे में विस्तृत चर्चा की तथा महत्वपूर्ण सुझाव दिए। ब्लॉक प्रमुख ओखलकाण्डा कमलेश कैड़ा ने ओखलकाण्डा क्षेत्र में प्रस्तावित तथा बन रही सड़कों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नरेन्द्र सिंह भण्डारी ने बताया कि जनपद के 1013 राजस्व ग्रामों में हर घर में नल और हर नल में जल उपलब्ध कराने के लिए कार्य योजना प्राथमिकता से तैयार की जा रही है।

सितारगंज में चोरी का लाखों का माल बरामद, चार गिरफ्तार

लोक संहिता प्रतिनिधि

सितारगंज। कोतवाली पुलिस ने औद्योगिक पार्क की फैक्ट्री में हुई लाखों की चोरी का पर्दाफाष कर तीन चोरों व एक माल खरीदने वाले कबाड़ी को गिरफ्तार किया हैं। उनके कब्जे से भारी मात्रा में चोरी का माल बरामद किया गया हैं।

पार्क की पारले एग्रो प्रा.लि. के मानव संसाधन विभाग के प्रबंधक भूपेष षर्मा पुत्र किरन षर्मा ने 23 सितंबर को हुई कल पुर्जों की चोरी का मुकदमा पंजीकृत कराया था। इस मामले के खुलासे को एसएसपी के दिषा निर्देषन में टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया। पुलिस ने षक्तिफार्म को जाने वाले रास्ते पर चोरी का माल

बेचने का प्रयास कर रहे चोरों व माल खरीदने वाले कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन बटर फ्लाई वाल्व, छह एसएस वाल्व, 12 छोटे स्क्वाडर बाक्स, तीन एसएस बैण्ड, दो बटर फ्लाई स्क्वाडर आदि बरामद किये। बरामद माल की कीमत लाखों में हैं। पकड़े गये चोरों में अमजद अली पुत्र छोटे षाह निवासी वार्ड 11 पैरपुरा, षाने आलम पुत्र जग्गू निवासी वार्ड छह, रवि कुमार पुत्र केतुपाल निवासी सिपरा थाना बीसलपुर, पीलीभीत व कबाड़ी मुन्ने पुत्र मो.रफी निवासी बमनपुरी हैं। उन्हें पकड़ने वाली टीम में एसआई सुरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल कमलनाथ गोस्वामी, केसर सिंह, बलवंत सिंह षामिल हैं।

किसान बिल पर बिना सवाल जवाब किए बिल पास करवाना हिटलरशाही नही तो और क्या है-पनेरू

लोक संहिता प्रतिनिधि

किच्छाःप्रदेश कांग्रेस महामंत्री हरीश पनेरू ने किसान बिल के विरोध में कहा है कि भारतीय जनता पार्टी केंद्र की सरकार किसान विरोधी है तथा हिटलरशाही तरीके से अध्यादेश लाकर क़ानून बनाने का काम कर रही है। उक्त बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री बनसीधर भगत के उस बयान पर पलटवार करते हुए कहा की विपक्ष किसानों को गुमराह कर रहा है। आखिर देश की जनता एवं किसान जानना चाहते हैं की कौनसी मजबूरी थी तथा इतना महत्वपूर्ण क्या था की कोरोना काल लॉक्डाउन में 5 जून 2020 को जब पार्लमेंट का सेशन नही था तब सरकार इस अध्यादेश

को क्यों लायी? यह देश और किसान जानना चाहते हैं की कौन सी आफ़त आ गयी थी कि सरकार पिछले दरवाज़े से यह अध्यादेश लायी। पूरे देश में ढिंढोरा पीटने वाली मोदी सरकार जिसने ताली–थाली, नोटबंदी, जी॰एस॰टी, बालाकोट, आदि मामलों में ढिंढोरा पिटवाया उस सरकार का किसान बिल पर बिना सवाल जवाब किए बिल पास करवाना हिटलरशाही नही तो और क्या है। जिस किसान के लिए क़ानून बनाने की बात हो रही है वह किसान उक्त बिल से खुश नही है। फिर सरकार ज़बरदस्ती क्यों थोपना चाहती है ? पनेरू ने कहा की किसान–किसान कहना बहुत आसान है लेकिन किसान के साथ खड़ा रहना बहुत मुश्किल है। किसान बहुत पहले से एम॰एस॰पी/ न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने का क़ानून बनाने की माँग कर रहे हैं। उसे क्यों नही किया जा रहा है? जिसका उदाहरण बिहार जैसे राज्य में 1760 में बिकने वाली मक्का की क़ीमत 850 से 900 में बेचने को मजबूर हैं। भाजपा सरकार द्वारा यह भी झूट फैलाया जा रहा है की किसान कही भी अपना अनाज बेच सकते हैं। यह पहले से व्यवस्था है तथा कही पर भी ऐसा नही लिखा है कि निश्चित जगह पर ही अपनी फसल को बेच सकेंगे। फिर ज़बरदस्ती ऐसा क्यों दिखाया जा रहा है। भजपा सरकार आपदा की आड़ में इस बिल को पास कर बहुत बड़े कारोबारियों को फ़ायदा देना चाहती है जिसमें अनलिमिटेड भंडारण करने का प्राविधान है तथा मंडी सिस्टम को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है।

पर्यटन नगरी के बाईपास में रोड़ा बनी वनभूमि

अल्मोड़ा। कैंट की वन भूमि के महज आठ सौ मीटर टुकड़े ने पिछले चार दशकों से पर्यटन नगरी के बाईपास मार्ग की राह रोकी है। बाईपास के मिलान स्थल पर वन भूमि आड़े आने से लोअर सड़क का लाभ नहीं मिल रहा है। बाईपास के अभाव में नगर की यातायात व्यवस्था भी पटरी से उतरी हुई है। कैंट बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष मोहन नेगी ने डीएम को ज्ञापन भेजकर वन भूमि निस्तारण संबंधी कार्रवाई करने की मांग की है। नगर की यातायात व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से करीब चार दशक पहले नगर के निचले हिस्से में बाईपास मार्ग को स्वीकृत मिली। इसके बाद जल्द ही रायस्टेट के पास से ग्राम खनिया, इंदिरा बस्ती, राजपुर होते हुए किलकोट गांव तक करीब साढ़े तीन किमी सड़क बनकर तैयार भी हो गई। बाईपास का पीजी कालेज के पास जालली-मासी मोटर मार्ग में मिलान होना प्रस्तावित है। लेकिन किलकोट गांव से आगे बाईपास के मिलान स्थल पर कैंट की वन भूमि का पेंच फंस गया। वन भूमि के इस आठ सौ मीटर हिस्से की क्लीयरेंस के लिए कई स्तरों से प्रयास किए जा चुके हैं। कैंट बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष मोहन नेगी ने कहा कि इसके लिए लोनिवि, छावनी परिषद तथा रक्षा संपदा विभाग बरेली को कई पत्र भेजे जा चुके हैं। लेकिन रक्षा भूमि व वन भूमि होने से उक्त मामला अर्से से लंबित है। जबकि भूमि की क्लीयरेंस के लिए रक्षा संपदा विभाग बरेली द्वारा भी रक्षा मंत्रालय को पत्र प्रेषित किए जा चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

थलीसैंण मुख्यालय में कोरोना की दस्तक, एक साथ 16 कोरोना संक्रमितों की पुष्टि

लोक संहिता प्रतिनिधि

थलीसैंण। पौड़ी गढ़वाल जिले के सुदूरवर्ती तहसील थलीसैंण मुख्यालय में गुरूवार को कोरोना बम फूटा है। इस छोटे से कस्बे में एक साथ 16 कोरोना संक्रमितों की पुष्टि होने से क्षेत्र में सनसनी फैल हुई है।

जानकारी के मुताबिक, स्थानीय लोगों ने प्रशासन की पहल से पहले ही थलीसैंण को बंद कर कोरोना से जंग लड़ने की घोषणा की है। थलीसैंण में ग्रामीणों के अलावा पोस्ट ऑफिस में भी कोरोना की गिरफ्त में आया। इसके अलावा जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन भी कोरोना की चपेट से नहीं बच पाया, यहां एक साथ 4 लोग में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई हैं। जबकि कोटद्वार में आम आदमी के साथ लैंसडाउन वन प्रभाग के कोटद्वार स्थित डीएफओ कार्यालय के 1 कर्मचारी व केनरा बैंक की बीइएल शाखा के 1 कर्मचारी में भी कोरोना की पुष्टि हुई है।

जिले में कोरोना संक्रमित का आँकड़ा दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। गुरूवार को जिले में 38 और लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। पौड़ी जिले के कोटद्वार में 10, कल्जीखाल में 1, टिहरी में 1, पौड़ी में लैंसडाउन वन प्रभाग के कोटद्वार स्थित डीएफओ कार्यालय के 1 कर्मचारी और उसकी पत्नी व केनरा बैंक की बीइएल शाखा के 1 कर्मचारी में भी कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है।

कोरोना रोकथाम वार रूम की रिपोर्ट के मुताबिक, लालपानी कोटद्वार निवासी 51 वर्षीय महिला, डिग्री कॉलेज रोड़ निवासी 26 वर्षीय युवक, पदमपुर निवासी 71 वर्षीय बुजुर्ग, कालागढ़ मार्ग कोटद्वार निवासी 50 वर्षीय व्यक्ति, 23 वर्षीय युवती, मानपुर निवासी 45 वर्षीय महिला, 60 वर्षीय व्यक्ति का विगत 18 सितम्बराके कोरोना जांच सैंसल लिया गया। वृहस्पतिवार को उक्त सभी लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है।

कल्जीखाल ब्लॉक के अणेथ निवासी 33 वर्षीय युवक, थलीसैंण निवासी 42 वर्षीय व्यक्ति, 28 वर्षीय युवक, 35 वर्षीय महिला, 28 वर्षीय युवक, 12 वर्षीय बालक, 28 वर्षीय युवक, 40 वर्षीय महिला, 24 वर्षीय युवती, 7 वर्षीय बालिका, 18 वर्षीय युवक, 47 वर्षीय व्यक्ति, 31 वर्षीय महिला, 34 वर्षीय युवक, पुलिस लाइन पौड़ी निवासी 28 वर्षीय युवक, 57 वर्षीय व्यक्ति, 28 वर्षीय युवक, 46 वर्षीय व्यक्ति, बेस अस्पताल श्रीकोट में 39 वर्षीय मलि, 28 वर्षीय युवक, श्रीनगर निवासी 44 वर्षीय व्यक्ति कोरोना संक्रमण की चपेट में आने से नही बच पाए। स्वर्गाश्रम यमकेश्वर निवासी 40 वर्षीय व्यक्ति, 46 वर्षीय व्यक्ति, 38 वर्षीय युवक, 39 वर्षीय युवक, कंडारा यमकेश्वर निवासी 55 वर्षीय महिला की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई है।

धारचूला में जयंती पर पं०दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी

पिथौरागढ़। धारचूला में भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण और नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने दीनदयाल पार्क में भाजपा के संस्थापक और एकात्म मानववाद के जनक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन के अवसर पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के संयोजक रुकुम बिष्ट ने कहा कि पंडित जी के असीम त्याग से भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष नगर कृष्ण गर्ब्याल, भूपेंद्र थापा, अशोक नबियाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल के त्याग और बलिदान को पार्टी कार्यकर्ता आदर्श के रूप में लेकर काम कर रहे हैं। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के लिए भारतीय जनता पार्टी कार्य कर रही है। इस दौरा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र थापा, पालिका अध्यक्ष राजेश्वरी देवी, उर्मिला दाबरा, पूर्व पालिका अध्यक्ष अशोक नबियाल, मनोज खनाल, योगेश गर्ब्याल, विरेंद्र नबियाल, खीम सिंह, चंचल दानू, खड़क दानू, गजेंद्र गुंज्याल आदि मौजूद रहे

खेला में ब्लास्टिंग से क्षतिग्रस्त घरों के मुआवजे को ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

पिथौरागढ़। खेला के ग्रामीणों ने ब्लास्टिंग से क्षतिग्रस्त हुए घरों के मुआवजे की मांग को लेकर लोनिवि के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने लोनिवि पर सड़क निर्माण के दौरान बगैर अनुमति के ब्लास्टिंग करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बेतहाशा ब्लास्टिंग से घर की नींव तक हिल गई है, जिस कारण दरारें आने से मकान गिरने की कगार पर पहुंच गए हैं। शुक्रवार को खेला के ग्रामीणों ने युवक मंगल दल अध्यक्ष महेश कुमार के नेतृत्व में अंबेडकर पार्क में प्रदर्शन करते हुए लोनिवि का पुतला जलाया। उन्होंने कहा पिछले पांच वर्षों से लोनिवि तवाघाट-ठानिधार सड़क का निर्माण कर रहा है। सड़क निर्माण के दौरान बगैर अनुमति के पहाड़ी कटान के लिए ब्लास्टिंग का प्रयोग किया गया। जिस कारण घरों की नींव तक हिल गई है।

घरों में दरारें पड़ने से गांव के 70मकान गिरने के कगार पर पहुंच गए हैं। कई झुके मकान साफ देखे जा सकते हैं। उन्होंने लोनिवि पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए क्षतिग्रस्त मकानों का मुआवजा देने की मांग की।

किसान बिल के विरोध में सड़कों पर उतरे किसान

लोक संहिता प्रतिनिधि

उधम सिंह नगर। उधमसिंह नगर रुद्रपुर में जनपद के किसानो ने एकत्र होकर केंद्र सरकार द्वारा लागू किया गया कृषक बिल का विरोध किया। किसानो ने गल्ला मंडी में सभा करने के बाद सड़को पर जुलुस निकाल कर प्रदर्शन किया। किसान जुलुस की शक्ल में केंद्र सरकार के खिलाफ नारे बाजी करते हुए गल्ला मंडी से निकल कर मुख्य नगर की सड़क से होते हुए डीडी चौक पर जाम लगाया और नारेबाजी की। किसानो के प्रदर्शन से डीडी चौक पर वाहनों का जाम लग गया, वही प्रदर्शनकारी किसानो का कहना है कि किसी भी सूरत में सरकार कृषक बिल मंजूर नहीं है, किसान इस काले कानून को मानने के लिए तैयार नहीं है सरकार को यह बिल वापिस लेना होगो सरकार बिल का विरोध कर रहे किसानो पर मुकदमा लगाना चाहती है तो इसके लिए भी तैयार है मुकदमे के डर से वह डरने वाले नहीं है।

किसानों के हितों से खिलावाड़ कर रही है केंद्र सरकार

चम्पावत। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर किसानों के हितों से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बीते दिनों संसद के दोनों सदनों में पेश अध्यादेश का विरोध किया। इस संबंध में कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट में धरना देते हुए प्रदर्शन किया। बाद में कार्यकर्ताओं ने एडीएम के जरिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज अध्यादेश को वापस लेने की मांग की।शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्तम देऊ और युकां जिलाध्यक्ष सूरज प्रहरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह देऊ ने कहा कि किसानों के संबंध में बनाए गए अध्यादेश से पूंजीपतियों और मुनाफाखोरों को लाभ मिलेगा। पालिकाध्यक्ष विजय वर्मा ने कहा कि अध्यादेश का शांतिपूर्व विरोध कर रहे किसानों पर केंद्र में काबिज मोदी सरकार के इशारे पर लाठियां बरसाई जा रही है। कार्यकर्ताओं ने कहा अध्यादेश लागू होने से किसानों के हित समाप्त हो जाएंगे।प्रदर्शन करने वालों में युकां महामंत्री चिराग फर्त्याल, उमेश खर्कवाल, श्याम कार्की, अजय प्रहरी, गोलू गंगोला, नाथ सिंह बोहरा, धीरज, नीरज पांडेय, विपिन जोशी, चतुर सिंह मेहता, उमेद सिंह, ललित पाटनी और पुष्कर शामिल रहे।

बंगाली समाज को न्याय दिये जाने को लेकर श्रेष्ठ समाज ने सीएम को भेजा ज्ञापन

लोक संहिता प्रतिनिधि

सितारंगज। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था शक्तिफार्म सहप्रभारी गोविन्द देवनाथ रतनफार्म संस्था प्रभारी विश्वजीत मिस्त्री के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से सम्पूर्ण उत्तर-खण्ड में बंगाली समुदाय के परिवारों को तहसील स्तर से जारी होने वाले प्रमाण पत्रों में से पूर्वी पाकिस्तानी एवं बांग्लादेशी शब्द को तत्काल हटाने के लिए संस्था पदाधिकारियों ने उधम सिंह नगर जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार के द्वारा उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को ज्ञापन भेजा

इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था शक्तिफार्म उपसचिव राकेश बैरागी कोषाध्यक्ष शंकर चौधरी रतनफार्म कोषाध्यक्ष गोविन्द मण्डल ने संयुक्त रूप से कहा की उत्तराखंड में बंगाली समुदाय के परिवारों को तहसील स्तर से जारी होने वाले प्रमाण पत्रों में पूर्वी पाकिस्तान एवं पूर्वी बांग्लादेशी शब्द का कई वर्षों से प्रयोग किया जा रहा है जबकि बंगाली समुदाय के लोगों ने स्वतंत्र भारत देश में जन्म लेकर भारतीय नागरिक होने के साथ साथ भारतीय संविधान में पूर्ण आस्था निष्ठा रखते हुऐ भारतीय संविधान का सम्पूर्ण पालन कर समाजहित व भारतहित में लगातार कार्य कर रहे हैं तो फिर बंगाली समुदाय के लोग पूर्वी पाकिस्तानी एवं पूर्वी बांग्लादेशी कैसे हो गऐ इसलिए एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था कई वर्षों से बंगाली समुदाय को तहसील स्तर से जारी होने वाले प्रमाण पत्रों में से पूर्वी पाकिस्तानी पूर्वी बांग्लादेशी शब्द हटाने के लिए उत्तराखंड सरकार से लगातार अनेक प्रकार से माँग करती आ रही है लेकिन उत्तराखंड सरकार इस गंभीर विषय में अपनी गंभीरता नहीं दिखा रही है जबकि यह किसी भी प्रदेश सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है की वह अपने प्रदेश के नागरिकों को स्वतंत्रता से जीने का अधिकार दे लेकिन उत्तराखंड सरकार के द्वारा भारतीय बंगाली समुदाय के लोगों के आवश्यक प्रमाण पत्रों में पूर्वी पाकिस्तानी पूर्वी बांग्लादेशी शब्द का प्रयोग कर सभी बंगाली समुदाय के लोगों को अपने आप पर कलंकित महसूस करा रही हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष पति सुरेश गंगवार को ज्ञापन देने में संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू मीडिया प्रभारी मुकेश सरकार शक्तिफार्म संस्था संरक्षक श्यामल सरकार कोषाध्यक्ष शंकर चौधरी रतनफार्म प्रभारी विश्वजीत कोषाध्यक्ष गोविन्द मण्डल प्रभाष विश्वास प्रदीप मंडल दिनेश बाछाड विशाल मंडल लोग उपस्थित रहे।

राज्य में जल उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी पहली प्राथमिकताः सीएम

अल्मोड़ा। कोसी नदी पुनर्जनन अभियान की ई-वर्चुवल समिट का आयोजन जिला प्रशासन अल्मोड़ा ने किया। वीडियो कांफ्रेंसिंग से हुए इस वर्चुवल समिट में देश एवं विदेश के कई प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। इस वर्चुवल सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जल प्रबंधन के लिए सही दिशा, ज्ञान एवं तकनीक के आदान-प्रदान के साथ ही प्राकृतिक हिमालय पर्यावरण का स्थायित्व सुनिश्चित किया जाना और जल संरक्षण एवं जल संवर्द्धन को बढ़ावा दिया जाना था।

साथ ही कोसी पुनर्जनन अभियान ई-न्यूज लैटर का विमोचन किया गया। वर्चुवल समिट में मुख्य अतिथि के रूप में सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने अपने संदेश में कहा कि राज्य में जल उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता रही है। कोसी नदी पुनर्जनन अभियान जल की वर्तमान एवं भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक सार्थक पहल है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न सहयोगी संस्थाओं एवं आम जनमानस से इस अभियान को आगे बढ़ाया है। अध्यक्षता करते हुए डीएम नितिन सिंह भदौरिया ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सम्मेलन की पृष्ठभूमि एवं इसके उददेश्यों के बारे में बताया। उन्होंने सतत जल प्रबंधन एवं संरक्षण हेतु कोसी नदी पुनर्जनन अभियान के बारे में जानकारी दी।वर्चुवल समिट में इन लोगों ने लिया भागः वर्चुवल सम्मेलन में भारत में विभिन्न देशों के उच्चायुक्तों जिनमें इजरायल के उच्चायुक्त रान मलका, डेनमार्क के उच्चायुक्त फ्रैडी स्वान और हंगरी के उच्चायुक्त पीटर कोवेक ने अपने-अपने विचार इस दौरान व्यक्त करते हुए जल संरक्षण एवं नदी पुनर्जनन अभियान हेतु उनके देश की ओर से तकनीकी एवं अन्य सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर अपर सचिव केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय अशोक कुमार, जीबी पंत संस्थान के डा. आरएस रावल, एनआरडीएमएस के निदेशक प्रो. जेएस रावत, मुख्य विकास अधिकारी मनुज गोयल, डीएफओ महातिम यादव, संयुक्त मजिस्ट्रेट अपूर्वा पाण्डे, एसडीएम गौरव पांडे, डीडीओ केके पंत, ग्रीन हिल्स संस्था की सचिव वसुधा पंत, आपदा प्रबंधन अधिकारी राकेश जोशी, जीआईएस एनालिस्ट नेहा रानी, शिवेंद्र प्रताप आदि ने भाग लिया।

कृषि विधेयकों के विरोध में भाकियू ने किया जाम लगा प्रदर्शन

देहरादून। हाल ही में लोकसभा और राज्यसभा में पास हुए केंद्र सरकार के कृषि विधेयकों के विरोध में भारतीय किसान यूनियन तोमर गुट के सदस्यों ने देहरादून के आईएसबीटी चौक पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान देहरादून से सहारनपुर व सहारनपुर से देहरादून आने वाली सड़क जाम रही। किसानों ने दर्जनों ट्रैक्टरों व गाड़ियों को सड़क पर लगाकर केंद्र सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सोमदत्त शर्मा ने कहा कि बिना किसानों से रायसुमारी किए केंद्र सरकार ने कृषि विधेयकों को दोनों सदनों में पास कराया, वह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार मनमानी पर उतारू है। अन्नदाता के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

नए कृषि विधेयकों से किसान कुछ ही दिनों में भूमिहीन हो जाएंगे। ये विधेयक पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार अपने अध्यादेश में संशोधन या इसे वापस नहीं लेती है, किसान सड़कों पर उतरकर विरोध करते रहेंगे।

समूहों को दिया 7.50 लाख रुपये का ब्याज मुक्त लोन

चम्पावत। एनआरएलएम योजना के तहत चार समूहों को ब्याज मुक्त लोन दिया गया। समूह से जुड़ी महिलाओं को दुधारु पशु खरीदने को 7.50 लाख का लोन बांटा गया। लाभार्थी को ये ऋण तीन साल में चुकाना होगा। चम्पावत के बीडीओ केके पांडेय ने बताया कि डीएम के निर्देश के बाद चार समूहों को लोन दिया गया। उन्होंने बताया कि देवीधार स्वयं समूह सिलिंगटाक को दुधारु पशु खरीदने को 1.80 लाख, बस्तियागूंठ को 1.95 लाख, जय मां भगवती ढकना बडोला को कास्मेटिक दुकान के लिए 1.50 लाख और शिव शक्ति समूह नादबोरा को रेडिमेड दुकान के लिए 2.20 लाख रुपये का ऋण दिया गया।

देवीधार स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष शांति देवी ने बताया कि वर्तमान में समूह जर्सी गाय की खरीद कर 50 लीटर दूध प्रतिदिन डेयरी में बिक्री कर रहा है।

दूरदृष्टि सोच के महान विचारक थे उपाध्याय : सीएम

देहरादून। स्व. पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने उन्हें याद किया। सीएम ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने देश को सुचिता की राजनीति का दर्शन दिया है। उन्होंने कभी विचारधारा से कोई समझौता नहीं किया है। वो कार्यकर्ताओं के प्रति जितने सरल व्यवहार के रहे उतने ही कठोर अनुशासन प्रिय व्यक्तित्व भी थे। उपाध्याय दूरदृष्टि सोच के महान विचारक थे। उन्होंने उसी समय कह दिया था कि जिस दिन समाज के अंतिम छोर पर बैठे सबसे निचले स्तर का व्यक्ति देश की सर्वोच्च कुर्सी पर बैठेगा, वही भारत के लोकतंत्र की असली सफलता होगी। आज वही विचार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में देश को मिला है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में स्वर्गीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि किसी ने सोचा भी नही होगा मथुरा के नागल गांव में एक बहुत ही निर्धन परिवार में जन्म लेने वाला अनाथ बालक के जीवन दर्शन से भारतीय राजनीति दर्शन का सूत्रपात होगा। वहीं, सीएम ने कृषि विधेयक पर कांग्रेस और अन्य दलों के विरोध को जनता को सिर्फ गुमराह करना मात्र बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही सबसे पहले किसानों 50 पैसे प्रति यूनिट बिजली देने व लगातार 12 घंटे बिजली देने का काम किया है, जो आज कृषि विधेयक का विरोध कर रहे हैं। उनको जनता को जवाब देना चाहिए कि उन्होंने किसानों के हितों के लिए विगत 70 सालों में क्या कार्य किए हैं। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत ने उपाध्याय को महान विचारक और भाजपा का आदर्श पुरुष बताया। उन्होंने कहा कि वे भारतीय राजनीति में एक वैकल्पिक विचार दिया, जिसको भाजपा ही नही अन्य दलों ने भी स्वीकार किया। भगत ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानव वाद के दर्शन को आज पूरे देश ही नहीं विश्व ने भी स्वीकार किया है और उसी विचार को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा ही किसानों की चिंता कर उनके हितों के लिए सदैव कार्य करती रही है। पार्टी हमेशा से ही ये मानती रही है कि देश का किसान अगर खुशहाल है स्वस्थ है तभी देश प्रगति कर सकता है। किसानों किसानों के स्वस्थ होने पर कभी देश भूखा नही रह सकता।

भिकियासैंण में पंडित दीन दयाल उपाध्याय को किया याद

अल्मोड़ा। भाजपा मंडल भिकियासैंण के शक्ति केंद्र बमेली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपाइयों ने उनका भावपूर्ण स्मरण का श्रद्धासुमन अर्पित किये। 10 दिव्यागों को आवश्यक उपकरण भी बांटे गये हैं। मुख्य वक्ता पूर्व ब्लाक प्रमुख नरेंद्र बिष्ट ने उनके जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुये कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी विचारधारा हमेशा इतिहास में अमर रहेगी। उनके त्याग व एकात्मक मानववाद को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस मौके पर जिला विकलागं पुनर्वास की ओर से दिव्यागों को आवश्यक उपकरण वितरित किए गए। यहां मंडल अध्यक्ष त्रिलोक सिंह भंडारी, नरेंद्र सिंह, तारादत्त शर्मा, मदन मेहरा, संदीप खुल्वे, लक्ष्मी दत्त पांडे, लीला बिष्ट, निर्मला शर्मा, कविता मनराल, देव गिरी, प्रेम बल्लभ, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

धौलादेवी के चगेठी गांव में पं० दीनदयाल को याद किया

अल्मोड़ा। विधान सभा जागेश्वर के धौलादेवी ब्लॉक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी जयंती पर याद किया गया। भाजपा जागेश्वर मंडल की चगेठी गांव में हुए कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी । साथ ही उनके जीवन और जनसंघ की स्थापना में उनके योगदान को याद किया। इसके साथ ही कोविड-19 के चलते महानगरों से लौटे युवाओं को प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। यहां संयोजक व पूर्व प्रधान दीवान राम कोहली, प्रधान चगेठी पूजा चौहान, ग्राम प्रधान भनोली बहादुर राम, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सोनू चौहान, दुर्गा दत्त जोशी, कैलाश जोशी, संतोष जोशी, भवानी दत्त जोशी, नरेश चंद जोशी, पूरन चंद जोशी, गोविंद भट्ट, बची दत्त पांडे, ब्रह्मानंद भट्ट, पूरन बिष्ट, संजय चौहान, निशा चौहान, राजू बिष्ट, राजू चौहान, कल्याण मौजूद रहे।

किसान एवं श्रमिक विरोधी विधेयकों का विरोध वापस लिए जाने की मांग

लोक संहिता प्रतिनिधि

बिजनौर। केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों की नीतियों से किसान और श्रमिकों के हितों को गहरा आघात लग रहा है इन नीतियों से कारपोरेट घरानों को ही फायदा होगा। जबकि किसान और श्रमिकों की बदहाली और बढ़ेगी षि और किसान के साथ श्रमिक ही कठिन समय में देश की अर्थव्यवस्था को संभालता है पर अब अन्नदाता को ही हर तरह से उत्पीड़न का शिकार बनाया जा रहा है यदि समय रहते षि और श्रमिक कानूनों को वापस नहीं लिया गया तो प्रदेश में खेती बर्बाद हो जाएगी और श्रमिकों को बुंआ मजदूर बनकर रह जाएंगे किसानों के संबां में भाजपा सरकारों का रवैया पूर्णतया अन्याय पूर्ण हैं वह खेतों से किसानों का मालिकाना हक छीना चाहती है इससे एमएसपी सुनिश्चित करने वाली मंडिया ीरि-ीरि खत्म हो जाएंगी ।

किसानों को फसल का लाभप्रद तो दूर निर्ारित उचित दाम भी नहीं मिलेगा फसलों को आवश्यक वस्तु अिनियम से बाहर किए जाने से आढ़तियों और बड़े व्यापारियों को किसानों का शोषण करना आसान हो जाएगा सच तो यह है कि लंबे संघर्ष के बाद किसानों को जो आजादी मिली थी कन्ट्रैक्ट खेती से वह देर सवेर फिर पुराने हाल में लौट आएगा । और अपनी ही खेती पर मजदूर हो जाएगा तंगहाली में किसान आत्महत्या के लिए विवश होगा पिछले वर्षो में हजारों किसान अपनी जान गवा बैठे हैं गन्ना किसानों का अभी तक हजार करोड़ रुपिया बकाया है किसान को फसल की लागत से ड्योढ़ी कीमत देने, आय दुगनी करने,और सभी कर्ज माफ करने के वादे जब हवा में रह गए तो भाजपा नेतृत्व में किसानों के समर्थन के दिए गए भाषणों पर कौन भरोसा करेगा ?

प्रदेश में अन्ना पशु किसानों की फसल बर्बाद कर रहे हैं खेत मालिक चौकीदार बन कर रात रात भर खेत की रखवाली करते हैं सड़कों पर इनके कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं सरकार इनकी रोकथाम के लिए कुछ नहीं कर रही है भाजपा सरकार की नीति देश की संपदा को निजी क्षेत्रों में सौंप देने की है उसकी निजी करण के प्रति दुराग्रह के चलते रोजगार की संभावनाएं ूमिल हो चली है करोना संकट के दौर में लाखों श्रमिकों का पलायन हुआ उनकी नौकरियां छीन ली । संघ के अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट में संकेत है कि करोना काल में करोड़ रोजगार खत्म हो सकते हैं ।

श्रम मंत्रालय का अनुमान है कि प्रदेश में .लाख की संख्या नौकरी मांगने वालों की है । षि अयादेश के बाद भाजपा सरकार श्रमिक कानून में बदलाव के बाद तो श्रमिकों का शोषण करने का पूरा अिकार फैक्ट्री मालिकों को मिल जाएगा अभी तक कर्मचारी वाले औोगिक प्रतिष्ठान बिना सरकारी मंजूरी के लिए कर्मचारियों को हटा नहीं सकते थे नई व्यवस्था में से ज्यादा कर्मचारियों वाली कंपनी सरकार से मंजूरी लिए बिना जब चाहे कर्मचारियों को नौकरी से निकाल बाहर कर सकती है नए प्रावान में अब फैक्ट्री मालिकों के हाथ में छटनी का ऐसा हथियार आ गया है जिसका दुरुपयोग करके और दबाव डालकर एक तो कर्मचारी यूनियन बनने नहीं देंगे दूसरे अपने कर्मचारियों को छटनी का जब तक भय दिखाकर उन्हें बुंआ मजदूर बनाकर रखने को स्वतंत्र होंगे भाजपा कर्मचारियों के हित की हत्या कर मालिकों को मलाई बांटने का काम कर रही है भाजपा किसानों और श्रमिकों वर्ग का मनोबल तोड़ने उन्हें असहाय बनाने की साजिश में जुट गई है इससे साबित हो गया है कि किसानों को फायदा पहुंचाने और श्रमिकों को रोजगार देने के उसके दावे सिर्फ सफेद झूठ है। इन कानून को वापस लिया जाना चाहिए ऐसी झूठी और प्रपंच रचने वाली सरकार के खिलाफ जनता में भारी आक्रोश है ।

इस अवसर पर माननीय नईम उल हसन जी वियायक नूरपुर, माननीय हाजी तस्लीम अहमद साहब वियायक नजीबाबाद माननीय मूलचन्द चौहान जी पूर्व मंत्री ,जिला महासचिव आदित्य वीर सिंह सतवीर यादव,प्रभा चौरी ,ाा सैनी,शमशाद अंसारी, खुर्शीद मंसूरी, ओमपाल कश्यप ,राम गोपाल ानगर,हाजी जावेद राइन, ड इरफान मलिक, मुस्तकीम, जावेद अख्तर, नसीम राणा, ज़ीशान आलम,हनी फैसल, मुदित गुप्ता, अंकित कुमार,दारा सिंह, अखलाक पप्पू महमूद कसार करण सिंह हाजी गफ्फार,अहमद खिज़र ख़ान आदि उपस्तिथ थे।

ग्रामीण देहात क्षेत्रों में आुनिक अस्पतालों का निमार्ण कराए सरकार : मलूक नागर

लोक संहिता प्रतिनिधि

बिजनौर। बिजनौर से बसपा सांसद मलूक नागर ने दिनांक . को संसद में अतारांकित प्रश्न संख्या के मायम से माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री से सवाल पूछा कि कोरोना महामारी के कारण आज पूरे देश में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है और पूरे देश में खासकर ग्रामीण देहात क्षेत्रों में आुनिक अस्पतालों और अस्पतालों में आईसीयू की कमी है, साथ ही मौजूदा अस्पतालों में आवश्यक आुनिक स्वास्थ्य सुवियाओं की भारी कमी है। इसको दूर करने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है? वित्त वर्ष - के दौरान . करोड़ रुपये . को राज्यों को जारी किए गए है। जिस पर बसपा सांसद मलूक नागर ने कहा कि जब भी कोई सवाल सरकार से पूछा जाता है तो उसमे सरकार अपनी योजनाओ का जिक्र करना शुरू कर देती है लेकिन इन योजनाओं से संबंीत आकड़े सरकार के कागजों मे तो अच्छे दिखते है लेकिन उनका जमीनी हकीकत कुछ और ही होती है।

जमीनी स्तर पर कितना इमानदारी से इसका उपयोग हो रहा है और देश की गरीब जनता को इसका कितना लाभ मिल रहा है इस तरफ कोई यान नहीं देता। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार को देश की गरीब जनता की भलाई को यान में रखते हुए इस बारे में गम्भीरता से विचार करना पड़ेगा तभी देश आगे बढ़ेगा।

जनपद में 22 और कोरोना पॉजिटिव मिले

बिजनौर। जनपद में 22 लोगों की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आयी है। जोकि पीर का बाजार स्योहरा, नयी बस्ती बिजनौर, जलीलपुर, कोहाली बिजनौर, विल सराय नहटौर, ताजपुर, मोहम्मद नगर नूरपुर, खुशहालपुर मथेरी कोतवाली, मौक़ाजी सराय नगीना, मा. मंझेड़ा कोतवाली, जहांनाबाद कोतवील, कुसुम बिहार नजीबाबाद, शिवजी मार्केट चंचलपुरिया स्याहारा, विदुर कुटी रोड बुखारा बिजनौर, बरूकी, आवास विकास कालोनी बिजनौर, आदर्श नगर बिजनौर, थाना स्योहारा, सरकड़ा खेड़ी किरतपुर, नई बस्ती बी-23 बिजनौर आदि में पाये गये हैं।

सपा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बिजनौर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अयक्ष श्री अखिलेश यादव जी पूर्व मुख्यमंत्री एवं भावी मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी जनपद बिजनौर मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने किसानों के हित में प्रदेश में हो रहे किसानों के उ्रर अत्याचार किसानों के विरो में वियक पास करके जो अत्याचार सरकार कर रही है उस अत्याचार के खिलाफ समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बिजनौर कलेक्ट्रेट परिसर में उप जिलाकारी को दिया ज्ञापन इसमें मौजूद माननीय पूर्व राज्य मंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान नजीबाबाद वियायक हाजी तस्लीम साहब नूरपुर वियायक हाजी नईम उल हसन साहब वे जनपद के जिलायक्ष राशिद हुसैन साहब समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अहमद किार साहब नगर अयक्ष वियानसभा अयक्ष मैं आपका भाई जावेद राइन पूर्व जिला अयक्ष समाजवादी पार्टी अस़ं संभावित प्रत्याशी बढ़ापुर वियान सभा आदि रहे।

पं.दीनदयाल उपायाय की वीं जयंती मनाई

लोक संहिता प्रतिनिधि

नहटौर। पंडित दीनदयाल उपायाय की वीं जयंती कार्यक्रम में भाजपाइयों ने पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई। वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपायाय के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।शुक्रवार को ग्राम फुलसंदा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपायाय जी की जयंती कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बीजेपी के पूर्व जिलाउपायक्ष शोभित कुमार त्यागी विचार रखते हुए कहा का जन्म सितंबर को ब्रजभूमि के नगला चन्द्रभान ग्राम में जन्म हुआ।अंत्योदय पंडित दीनदयाल उपायाय का अंतिम शब्द है।अंत्योदय पर कार्य करने का उन्हें अवसर नहीं मिला नियति के क्रूर हाथों उनका असमय देहावसान हुआ, पीएम मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार पंडित उपायाय जी की सोच को आगे आगे बढ़ाते हुए कार्य कर रही है कर रही है। बूथ के सभी कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपायाय जी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित किये। कार्यक्रम में बीजेपी नेता शोभित त्यागी, बूथ अयक्ष सर्वेंद्र कुमार, अनुज नामदेव, दिनेश सैनी, निवर्तमान मंडल महामंत्री कुलवीर चौारी, सैक्टर संयोजक नरेंद्र टाक आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का संचालन किया जाएगा : मुख्य विकास अधिकारी

लोक संहिता प्रतिनिधि

बिजनौर। मुख्य विकास अिकारी की अयक्षता में आज अपरान्ह . बजें विकास भवन के सभा कक्ष में राष्ट्रीय मि मुक्ति दिवस अभियान के अन्तर्गत जिला स्तरीय अर्न्तविभागीय समन्वय/ ओरियन्टेशन बैठक आहुत की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साकारी विजय कुमार यादव, उप मुख्य चिकित्साकारी, जिला कार्यक्रम अिकारी, सहित अन्य संबंीत अिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य विकास अिकारी ने बताया कि जनपद के बच्चों में त्रिम संक्रमण के खतरे से निपटने के लिए जनपद में सितम्बर से अक्तूबर, तक राष्ट्रीय मि मुक्ति अभियान का संचालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के आशा एवं आंगनबाडी अपने अपने क्षेत्र में घर-घर भ्रमण कर से साल तक के बच्चों और किशोरों को अपनी निगरानी में एल्बेडाजोल की दवाई खिलाकर मि मुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत में मि संक्रमण जनसमस्या के रूप में उभर रहा है, डब्ल्यूएचओं के अनुमान के अनुसार भारत में से साल तक के उम्र के बच्चों में मि सकंम्रण का खतरा है।

राष्ट्रीय मि मुक्ति दिवस का उद्देश्य जनपद के सभी बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य, पोषण संबंी स्थिति और संज्ञानात्मक विकास तथा जीवन की गुणवत्ता मे सुार के लिए उन्हे मि मुक्त करना है। मि संक्रमण प्रत्यक्ष रूप से न दिखने पर भी बच्चों के स्वास्थ्य एवं उनके सम्रग विकास पर नाकारात्मक प्रभाव डालता है। इस नकारात्मक प्रभाव के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए एल्बेडाजोल की दवाई बच्चों एवं किशोरो को दी जाऐगी। मुख्य विकास अिकारी ने उपस्थित समस्त अिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी बच्चे को खाली पेट दवा का सेवन नही कराया जाये और कोविड- के सिम्टमस वाले को भी दवा का सेवन न कराया जाय। उन्होंने संबंीत अिकारियों को कन्टेमेंट जोन में अभियान को नही चलाये जाने के भी निर्देश दिये।

संक्षिप्त समाचार

गौकशी करने वालों की गिरफ्तारी करने और रासुका लगाए जाने की मांग

नगीना। हिंदू युवा वाहिनी कार्यकर्ताओं ने पुलिस क्षेत्राकारी की अनुपस्थिति मैं एक ज्ञापन तहसीलदार हामिद हुसैन को सौंप कर गोकशी करने वालों की गिरफ्तारी करने और रासुका लगाए जाने की मांग की है। हिंदू युवा वाहिनी के अयक्ष उमेंद्र सैनी व नगर प्रभारी नवदीप शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता एसडीएम कंपाउंड पहुंचे जहां उन्होंने हस्ताक्षर युक्त एक ज्ञापन तहसीलदार हामिद हुसैन को सौंपा जिसमे किरतपुर के चेयरमैन अब्दुल मन्नान खान के घर में गोकशी पकड़ें जाने की कडे शब्दों में निंदा की , ज्ञापन में गौ हत्यारे किरतपुर चेयरमैन मन्नान खा वे उसके गुर्गो को शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाए तथा उन पर रासुका लगाए जाने की पुलिस प्रशासन से मांग की है। ज्ञापन में कहा कि इस घृणित त्य से ार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है ऐसे लोग माहौल बिगाड़ कर समाज में आक्रामकता चलाते हैं इसलिए ऐसे लोगों को पुलिस प्रशासन सख्त का-र्रवाई कर उनको सजा दिलाएं। ज्ञापन पर समीर शर्मा, उमेंद्र सेनी, शशांक बिशनोई, नवदीप शर्मा, विनीत जोशी, अरविंद कुमार , समेत दर्जनभर कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर मौजूद है।

कृषि अध्यादेश के विरोध में किया किसानों ने चक्का जाम

लोक संहिता प्रतिनिधि चंदक । कृषि अयादेश के विरो में चंदक के दौलतपुर चौराहे पर केंद्र सरकार जो अयादेश के विरो में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन वह अन्य किसान संगठन के कार्यकर्ताओं ने चंदक दौलतपुर चौराहे पर जाम लगा कर तीनों अयादेश का विरो कर प्रदर्शन किया किसानों ने अपनी मांगों को लेकर देश-भर में जगह-जगह रोड पर जाम लगाया किसानों का कहना है कि विजली में वृद्धि और सरकार जो अयादेश लाई ह उसी के विरो में किसानों ने जगह जगह ारना प्रदर्शन करके सरकार ने अपनी मांगों को पूरा करने की बात कही थी सुखबीर सिंह रामकुमार जी नवीन प्रताप संदीप विनीत जी अरविंद जी आदि किसान मौजूद रहे।

फरार चल रहा अभियुक्त पकड़ा

नजीबाबाद । मंडावली पुलिस ने गोवध में फरार चल रहे एक आरोपी को पकड़ लिया। मंडावली क्षेत्र के ग्राम कांठपुर के जंगल में करीब एक सप्ताह पूर्व गोवध का आरोपी घटना स्थल से फरार हो गया था। जिसके खिलाफ मंडावली थाने में पंजीत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने गोवध अधिनियम में वांछित चल रहे अभियुक्त अफजाल पुत्र यासीन निवासी ग्राम दहीरपुर थाना नांगल को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। साथ ही मंडावली थाने के एसआई हरवीर सिंह ने कांस्टेबल आशीष व मनोज के साथ गैंगस्टर मे फरार चल रहे अभियुक्त लोकेंद्र पुत्र जयपाल निवासी ग्राम लाहककलां को एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस की दबिश से घबराए एक मीट व्यापारी अनवार की मौत

लोक संहिता प्रतिनिधि

नगीना । पुलिस की दबिश से घबराए एक मीट व्यापारी अनवार की मौत हो गई, मौत होने से परिजनों में कोहराम मचा है तथा पुलिस प्रशासन में हड़कंप बच गया, मनवार को सुपुर्दे खाक होने तक मोहल्ला लोहारी सराय मैं भारी पुलिस बल खखखगृ किया गया, मौके पर एसडीएम, सी ओ, वे थाना प्रभारी मौजूद रहे ।

जबकि सी ओ प्रभात कुमार ने बताया कि गोकशी की सूचना पर दरोगा रोहित शर्मा बिना बताए दबिश देने गया था। नगीना थाने का चर्चित दरोगा रोहित शर्मा वे कांस्टेबल अमित कुमार ने गुरुवार की देर रात करीब बजे मोहल्ला लोहारी सराय निवासी मुर्गा व्यापारी अनवार अहमद के घर पर भारी पुलिस टीम के साथ दबिश देने पहुंचे, जब पुलिस टीम ने दरवाजे खुलवाने चाहे तो दरवाजे नहीं खोले इसी बीच अनवार की हार्ट अटैक पड़ने से मौत हो गई। अनवार की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया तथा दबिश के दौरान अनवार की मौत होने पर दरोगा रोहित शर्मा वे कांस्टेबल अमित कुमार पुलिस टीम के हाथ पैर फूल गए और पुलिस टीम बैरंग लौट आई , घटना के संबां में अपने बड़े अिकारियों को जानकारी दी, जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। तथा घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ष्ण मुरारी दोहरे वे पुलिस अीक्षक ड ार्मवीर सिंह ने आरोपी दरोगा और सिपाही को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर नगीना से रवाना कर दिया। सूचना पर थाना प्रभारी के के दौहरे, पुलिस क्षेत्राकारी प्रभात कुमार, वे एसडीएम घनश्याम शर्मा ने भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। इस संबां में मृतक अनवार के पुत्र सावेज अहमद ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर कहा कि उसके वालिद मो अनवार दिल के रोगी थे तथा उनका उपचार चल रहा था पुलिस की दबिश को देख कर उनको हार्ड अटैक होने के कारण मौत हो गई जिसके लिए कोई भी दोषी या जिम्मेदार नहीं है और ना ही हम पंचनामा या पोस्ट मास्टर कराना नहीं चाहते हैं इस तहरीर पर परिजनों के साथ साथ दर्जन भर जिम्मेदार लोगों के हस्ताक्षर हैं। उार थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त दरोगा व सिपाहि गोकशी की सूचना पर बिना जानकारी दिए ही दबिश देने गए थे। घटना के बाद आरोपी दरोगा रोहित शर्मा व का अमित कुमार को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर रवानगी दे दी गई है और उनकी सहानुभूति पीड़ित परिवार के साथ है।

किसानों ने बूंदकी तिराहे पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया

नगीना। भारतीय किसान यूनियन ने षि अयादेश हो के विरो में पूर्व निार्रित कार्यक्रम के अनुसार भारतीय किसान यूनियन के तहसील अयक्ष चौारी वीर सिंह डबास व डक्टर ार्मवीर सिंह के नेतृत्व में किसान यूनियन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं नगीना नजीबाबाद रोड स्थित बूंदकी तिराहे पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। और विरो जताया इस मौके पर ारना देने वालों में कुमार विनोद परमार, विजेंदर सिंह, महेंद्र सिंह, एहसान अहमद, ड भानु प्रताप, सुशील प्रान ,अनुज कुमार, सुभाष किया वहीं चक्का जाम होने से सड़कों पर जगह-जगह जाम लग गया। लेकिन यूनियन के लोगों ने बीमार एंबुलेंस जा रहे लोगों को तुरंत निकाला इसके अलावा सभी लोगों को रोक दिया गया।

अक्सीमीटर से ग्रामीणों की निःशुल्क जांच की

लोक संहिता प्रतिनिधि

बालावाली। थाना मंडावर के ग्राम जहांगीरपुर और मिर्जापुर मे अक्सीमीटर आम आदमी पार्टी की और से थाना मंडावर के गांवों में अक्सीमीटर से ग्रामीणों की निशुल्क जांच की गई जिसमें अक्सीमीटर से जांच के बाद आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता ओ ने ग्रामीणों को रिपोर्ट बताई। कार्यकर्ताओं ने इन ग्रामीणों में लगभग चार सौ पचास लोगो की जांच निशुल्क की तथा रिपोर्ट तुरंत बताई।जांच टीम में आम आदमी पार्टी के सचिव श्री राजीव चौारी जिला अयक्ष श्री विवेक चौारी द्वारा ग्राम प्रान अकिलेश कुमार जहागीरपुर निवासी को आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलवाई जिसमे सभी ग्राम वासी और पार्टी के पदादिकारी मौजूद रहे मोहित एडवो-केट प्रशांत भारद्वाज मुकेश कुमार एवं देवेन्द्र कुमार रहे।

नहीं रुक रहा रोज़गार सेविका के विरुद्ध भड़का गुस्सा

स्योहारा। ग्राम अकबर पुर आशा उर्फ हरोली में तैनात रोज़गार सेविका के विरुद्ध भड़का लोगो का गुस्सा थमने का नाम नही ले रहा है इसी कड़ी में आज फिर बड़ी संख्या मनरेगा मज़दूर ब्लाक में जमा हुए और रोज़गार सेविका अंजू रानी पर आरोप लगातें हुए उसको बर्खास्त करने की मांग की,इस मौके पर मनोज कुमार सुखवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

भाकियू ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया

लोक संहिता प्रतिनिधि

मंडावर। किसानों ने अपनी मांगों को लेकर देशभर में जगह-जगह रोड पर लगाया जाम थाना मंडावर मैं आज पीतम द्वार पर भारतीय किसान यूनियन सरकार से अपनी मांगों को लेकर पीतम द्वार पर ारना प्रदर्शन किया और किसानों का कहना है कि बिजली में वृद्धि और सरकार जो अयादेश लाई है उसी के विरो में किसानों ने जगह-जगह ारना प्रदर्शन करकेसरकार सेअपनी मांगों को पूरा करने की बात कहीं जिस मेंउपस्थित गण ब्लक अयक्ष चौारी विजय सिंह व जिला उपायक्ष ड विजय सिंह नासिर भाई रथ संचालक ब्लाक महासचिव अंकित कुमार काजिवाला परान जीरू चक्का जाम में बिग कार्रवाई नगर अयक्ष कपिल कुमार ब्लक अयक्ष पंकज कुमार राजेंद्र सिंह मंडल महासचिव विकास भाई जिला सचिव विनीत गुलशन देवेंद्र सिंह प्रशांत कुमार सनी आदि किसान ारना प्रदर्शन में मौजूद रहे और मंडावर थाना प्रभारी लव सिरोही ने भी अपनी पुलिस कांस्टेबलों को लेकर ारना प्रदर्शन कर रहे किसानों को देखते हुए ड्यूटी पर तैनात रहे।

0000000

जनपद में किसानों ने किया चक्का जाम

लोक संहिता प्रतिनिधि

बिजनौर। किसान यूनियन ने आज नगर मेंबड़े उत्साह के साथ के साथ प्रदर्शन किया। कृषि संबंधी अध्यादेशों के विरोध में सफल प्रदर्शन किया।

जिले भर में करीब 75 स्थानों पर जाम लगाकर नारेबाजी की। किसान प्रदर्शन से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

भारतीय किसान यूनियन के आहवान पर किसान जिले भर में सड़कों पर उतर आये औ उन्होंने निर्धारित मार्गों पर जाम लगा दिया। किसानों के तेवर तीखे थे। उन्होंने किसी को भी सड़क पार नहीं करने दी। कई स्थानों पर अपनी निजी गाड़ियों से जा रहे पुलिसकर्मियों को भी उन्होंने सड़क पार नहीं करनेदी। पुलिस कर्मियों वर्दियों में थे। उन्होंने काफी रोकने का भी प्रयास किया।

अनस ठाकुर व मुस्तकीम ने किया कबड्डी टूर्नामेंट का शिलान्यास

लोक संहिता प्रतिनिधि

स्योहारा। युवा समाजसेवी अनस ठाकुर व सपा नेता मुस्तकीम अहमद ने आज ग्राम शफियाबाद में चौरियान क्लब की ओर से आयोजित होने वाले कबड्डी टूर्नामेंट का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस मौके पर मारूफ बाबा,अरमान, अमन,सुहेल ननिक, खुर्रम रहमान,आदि मौजूद रहे।

डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

बिजनौर। जिलाधिकारी रमाकान्त पाण्डेय जिलाधिकारी , डाध्र्मवीर सिंह व पुलिस अधीक्षक बिजनौर व जनपद न्यायधीश द्वारा जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में साफ-सफाई तथा बन्दियों को कोराना से बचाव हेतु आवश्यक दिशा-निद्रेश दिये गये। निरीक्षण के दौरान बन्दियों को पुस्तकें वितरित की गयी। करागार में निरूद्ध महिला बन्दियों को पुलिस अधीक्षक बिजनौर द्वारा कोरोना संक्रमण से बचने के लिये मास्क व सैनेटाईजर बांटे गये।

पंडित दीनदयाल का जन्मदिन मनाया कुष्ठ रोगियों को भोजन कराया

लोक संहिता प्रतिनिधि नजीबाबाद । पंडित दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान जनपद बिजनौर की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के 104 वें जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को प्रतिष्ठान के जिलाध्यक्ष डक्टर आमोद अरोड़ा के निवास पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित दीनदयाल को पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं जिला महामंत्री पंडित शंभूनाथ कौशिक द्वारा पंडित दीनदयाल जी के चरित्र पर प्रकाश डाला गया। उनके द्वारा समाज का कैसे उत्थान हो इसके लिए चिंतन किया गया। प्रतिष्ठान द्वारा पंडित जी के जन्मदिन के अवसर पर नगर के रायपुर मार्ग स्थित कुष्ठ आश्रम में जाकर कुष्ठ रोगियों में एवं उनके परिवार में भोजन वितरित किया गया। इस अवसर पर डॉ.आमोद अरोरा, शम्भूनाथ कौशिक, नरेन्द्र अग्रवाल, नामित सभासद आशु अग्रवाल, राजन टंडन गोल्डी, नमन गुप्ता, शुभम ग्रोवर आदि उपस्तिथ रहे।

किसानों सड़क पर बैठ कर किया चक्का जाम

ामपुर/मुरादाबाद मार्ग के सामने भारतीय किसान यूनियन ने भाकियू के ब्लक अयक्ष चोग़जेंद्र सिंह टिकेत के नेतृत्व में ारना देकर सड़क पर बैठ गए। इस मौके पर गजेन्द्र सिंह टिकेत ने कहा कि हमने केंद्र सरकार को भेजे अपने मांग पत्र में स्पष्ट रूप से इस काले कानून को खत्म करने की मांग के अलावा बिजली के बढ़ते दामो को कम करने व गन्ना मूल्य बढ़ाने की भी माग की गई है।इस मौके।पर जहां सेकड़ो भाकियू कार्यकर्ता मौजूद रहे तो वहीं भारी पुलिस बल भी तैनात रहा इसके अलावा इस मुख्य मार्ग का वाहन रूट डायवर्जन करते हुए राहगीरों को परेशानी से भी बचाया गया।

स्योहारा। सरकार द्वारा किसानों के लिए बनाए गए कानून को काला कानून व किसान विरोी बताते हुए किसान संगठन सड़क पर उतर गए। ारना देकर किसान सडक पर बैठ गए तथा चक्का जाम कर दिया। सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई जिससे आने जाने वाली लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

थाना चौराहे पर

सार संक्षिप्त

रानीखेत में तहसील कर्मचारियों की हुई कोरोना जांच

अल्मोड़ा। संयुक्त मजिस्ट्रेट अपूर्वा पांडे के कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद हड़कंप है। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग ने तहसील मुख्यालय में पूरे स्टाफ का कोरोना टेस्ट किया। रैपिड टेस्ट में हालांकि स्टाफ के 28 सदस्यों की रिपोर्ट निगेटिव आई है। दो स्टाफ सदस्यों के आरटीपीसीआर टेस्ट किए गए हैं, जिनकी रिपोर्ट बाद में आएगी।रानीखेत तहसील क्षेत्र में नगर सहित क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग कोरोना की चपेट में आ रहे हैं। बीते शुक्रवार को संयुक्त मजिस्ट्रेट अपूर्वा पांडे की भी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद दहशत और अधिक बढ़ गई है। कोरोना संक्रमण की पुष्टि के बाद संयुक्त मजिस्ट्रेट होम आइसोलेशन में हैं। संयुक्त मिजस्ट्रेट अपूर्वा के कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से तहसील कार्यालय में पूरे स्टाफ की कोरोना जांच की गई। हालांकि स्टाफ के 28 सदस्य रैपिड टेस्ट में कोरोना निगेटिव मिले। जबकि स्टाफ के दो अन्य लोगों के आरटीपीसीआर टेस्ट भी कराए गए हैं, जिनकी रिपोर्ट जल्द आएगी।

ऑनलाइन योग शिविर को 250 शिक्षकों ने कराया रजिस्ट्रेशन

बागेश्वर। मिशन शिक्षण संवाद उत्तराखण्ड द्वारा ऑनलाइन आईसीटी प्रशिक्षण के सफल आयोजन के बाद अब शिक्षकों के लिए ऑनलाइन योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 27 सितंबर से शुरू होने वाले योग शिविर में राज्य भर के लगभग 250 शिक्षकों ने भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है। मिशन शिक्षण संवाद के जिला संयोजक नीरज पंत ने बताया कि मिशन के राज्य संयोजक लक्ष्मण सिंह मेहता के संयोजन में आयोजित होने वाले ऑनलाइन योग शिविर में पतंजलि योगपीठ के योगाचार्य शिक्षकों को योग के गुर सिखाएंगे। शिविर का शुभारंभ भारत स्वाभिमान पतंजलि योगपीठ के राष्ट्रीय प्रभारी राकेश कुमार द्वारा किया जाएगा। आरोग्य केंद्र के संचालक और पूर्व प्रांतीय प्रभारी मोहन योगी, पतंजलि योग समिति के उत्तराखंड प्रभारी प्रताप बसेड़ा और महिला प्रभारी सीमा जौहर शिविर में शिक्षकों को योग की बारीकियों से परिचित कराएंगी। बागेश्वर के 25 शिक्षक शिविर में भाग लेकर योग व प्राणायाम की शिक्षा लेंगे। चार दिवसीय योग शिविर हररोज सुबह छह बजे से आठ बजे तक संचालित किया जाएगा।

फार्मासिस्टों ने लिया बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने का संकल्प

बागेश्वर। फार्मेसी दिवस पर ट्रांस फॉर्मिंग ग्लोबल हेल्थ के तहत बेहतर स्वास्थ सेवा के तहत जरूरतमंद मरीज को सहयोग देने का संकल्प लिया। वैश्विक महामारी के दौरान बेहतर कार्य करने के बाद सरकार से स्वास्थ्य कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के बजाय एक दिन का काटना निंदनीय है। सरकार द्वारा फार्मासिस्टों को विभिन्न केंद्रों को दवा वितरण, आवश्यक सामग्री का वितरण की व्यवस्था की जाती है। कोरोना वेलिएन्टर होने के बाद भी कई सरकारी संस्थाओं को पूरा वेतन दिया जा रहा है। उन्होंने स्वास्थ सेवाओं से जुड़े कर्मियों के वेतन कटौती को रोकने की मांग की। इस दौरान मंडलीय अध्यक्ष बीएल वर्मा, चीफ फार्मासिस्ट गोविंद सिंह कोरंगा, हरीश चंद्र ऐठानी, ओपी टम्टा, शैल दीप्ति नेगी, देवेंद्र गड़िया, भूपेंद्र रावत, जीवन प्रसाद आदि मौजूद थे।

डीएम को ज्ञापन सौंप जल्द सिंचाई नहर की मरम्मत कराने की मांग की

बागेश्वर। बिलौना के गढ़ियागांव में नहर जर्जर होने से किसान परेशान हैं। सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से फसल को नुकसान हो रहा है। किसानों की मेहनत भी बेकार हो रही है। प्रभावित किसानों ने डीएम को ज्ञापन देकर जल्द सिंचाई नहर की मरम्मत कराने और पानी उपलब्ध कराने की मांग की। उप ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में किसानों ने डीएम को ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया कि गढ़ियागांव के खेतों को सींचने वाली नहर करीब 200 मीटर तक पूरी जर्जर हो चुकी है। इससे ग्रामीण इसकी मरम्मत नहीं करा पा रहे हैं। नहर टूटने से खेतों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। हर साल फसल बर्बाद हो रही है।

इससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कई बार विभाग को ज्ञापन दिया गया। इस साल की सात जनवरी को तहसील दिवस में भी नहर की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया था। इसके बाद भी प्रशासन और विभाग ने किसानों की सुध नहीं ली। उन्होंने कहा कि नहर जर्जर होने से किसानों का खेती से मोह भंग हो रहा है। उन्होंने खेती और किसानों को नुकसान से बचाने के लिए जल्द नहर की मरम्मत कराने की मांग की। इस मौके पर भूपेंद्र सुयाल, हरीश चंद्र पांडेय, त्रिलोक चंद्र पांडेय, पूरन चंद्र आदि मौजूद रहे।

गो तस्कारों पर रासुका लगाने की मांग की

नजीबाबाद । नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम ब्रजेश कुमार को ज्ञापन देकर किरतपुर के गो तस्कारों पर रासुका लगाने व उनकी चल-अचल सम्पत्ति कुर्क कराने की मांग की है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिये ज्ञापन में कहा गया है कि एसपी बिजनौर द्वारा 18 सितम्बर को कराई गई कार्रवाई में किरतपुर में चेयरमैन अब्दुल मन्नान के घेर में गोकशी पकड़ी गई थी।

पुलिस ने मौके पर गोकशी की हड्डी, रस्सी, टुरी व चार गाय व कटरे आदि बरामद किये थे। इस मामले में कई आरोपी मौके पर गिरफ्तार किये गये थे। चेयरमैन सहित कई आरोपी मौके से फरार है। उन्होंने फरार आरोपियों पर रासुका लगाने व उनकी सम्पत्ति कुर्क कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में भाजपा पिछला मोर्चा के जिला मंत्री रितेश सैन, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष ।षिपाल सिंह, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष चौ मलखान सिंह, हिंदू जागरण मंच के हिमांशु, बिट्टू भटनागर, मंदीप धस्माना, हर्षित शर्मा, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष धीरज अग्रवाल मौजूद रहे। उधर अखिल भारतीय गोरक्षा महासंघ के जिला उपाध्यक्ष सचिन शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में महासंघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार राधेश्याम शर्मा को सौंपा। पदाधिकारियों ने गोकशी के मुख्य आरोपी किरतपुर नगर पालिका के चेयरमैन अब्दुल मन्नान की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष पंडित प्रफुल्ल वशिष्ठ, नगर उपाध्यक्ष पारस चौधरी, हिंदू जागरण मंच के जिला मंत्री गौरव चिकारा, खंड संयोजक हिमांशु भारद्वाज, राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के जिला उपाध्यक्ष पंडित अमित कौशिक, कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश भटनागर, विकास कुमार, शुभम कुमार, दर्पण चौहान, अमित शर्मा, तनुज शर्मा, रजत कुमार आदि मौजूद रहे।

कैरम टूर्नामेंट मे आमिर ने बाजी मारी

नजीबाबाद । नगर के मौहल्ला मुगलूशाह हकीमो के चौराहे पर कैरम टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कैरम टूर्नामेंट का फायनल मैच आमिर सलमानी व नौशाद अंसारी के बीच खेला गया। जिसमें आमिर सलमानी ने जीत हासिल की। जीत हासिल करने वाले आमिर सलमानी को वार्ड सभासद प्रतिनिधि अमजद सिद्दीकी ने को ट्रॉफी भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यअतिथि अमजद सिद्दीकी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतियोगिता से प्रतिभा में निखार आता है। इस अवसर पर शादाब मुल्तानी, जावेद मुल्तानी, सुहैल सलमानी, मौ. शाहिद, अदनान मुल्तानी, शहजाद नोमानी, मुजीब सलमानी आदि मौजूद रहे।

कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

नजीबाबाद । क्षेत्र के ग्राम मुस्तफापुर आशु उर्फ बड़ा पैमार में बीती रात कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता का मुख्यअतिथि भाकियू नेता बाबूराम तोमर ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए भाकियू नेता बाबूराम तोमर ने कहा कि कबड्डी प्राचीन खेल है। प्रतियोगिता से प्रतिभा का विकास होता है। प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी को आगे आकर भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर चौधरी सुदर्शन सिंह, आफताब आलम, नरेंद्र सिंह, चौधरी राजेश सिंह, सतेंद्र सिंह, अशोक कुमार, मास्टर नरेश कुमार, चौधरी ध्यान सिंह आदि उपस्थित रहे।

कृषि विधेयक वापस लेने की मांग को किसानों ने किया चक्का जाम

-भाकियू ने हरिद्वार व कोटद्वार मार्ग पर लगाया जाम

लोक संहिता प्रतिनिधि

नजीबाबाद। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय आह्वान पर कृषि विधेयक वापस लेने की मांग को लेकर क्षेत्र के किसानों ने आज सुबह से हरिद्वार व कोटद्वार मार्ग पर चक्का जाम किया।शुक्रवार को भाकियू के बैनर तले काफी संख्या में किसानों ने हरिद्वार मार्ग पर मोटा महादेव के समीप चक्का जाम किया। किसानों के जाम को देखते हुए सुबह से ही हरिद्वार मार्ग पर भारी संख्या में पुलिस तैनात रही। किसानों ने केंद्र सरकार से कृषि संबंधी तीनों अध्यादेश किसान विरोधी बताते हुए उन्हें वापस लेने की मांग की। किसानों ने उत्तर प्रदेश सरकार से गन्ना भुगतान सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। चक्का जाम में भाकियू के प्रांतीय अध्यक्ष बलराम सिंह, अमरीश कुमार, मदन सिंह चौहान, चौधरी हुकुम सिंह, राजीव कुमार, लोकेंद्र सिंह, जलसिंह, रविंद्र, जितेंद्र आदि काफी किसान अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ मौजूद रहे। उधर भाकियू के किसानों ने कोटद्वार मार्ग पर बड़िया के समीप चक्का जाम किया। सूचना मिलने पर एसडीएम ब्रजेश कुमार, थाना प्रभारी संजय कुमार शर्मा भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

बैंक से संबधित समस्याओं के हल को ज्ञापन दिया

लोक संहिता प्रतिनिधि

नजीबाबाद । उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारियों ने तहसील पहुंचकर तहसीलदार राधेश्याम शर्मा से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बैंक ऑफ बड़ौदा की स्थानीय शाखा से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में कहा है कि बैंक ऑफ बड़ौदा का शहर के अंदर एक भी एटीएम नहीं है, एक एटीएम बैंक के अंदर है जो आयेदिन खराब रहता है। बैंक के अंदर ग्राहक की समस्याएं के संबंध में प्रबंधक से मिलने नहीं दिया जाता है। कैश की नगद धनराशि जमा करने के लिए एक ही विंडो है, जिससे व्यापारियों को मोटा कैश लेकर घंटों लाइन में खड़ा होना पड़ता है। व्यापारियों को बैंक योजनाओं की जानकारी के लिए मीटिंग कराने व समस्याओं का हल कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में व्यापारी नेता शिवकुमार माहेश्वरी, नईम टाटा, शाहिद सिद्दीकी, एमएच जैदी, अतीकुर्रहमान, हिरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

डिग्री कॉलेज मैदान में कोविड केयर सेंटर बनाने का विरोध

बागेश्वर। डिग्री कॉलेज खेल मैदान में कोविड केयर सेंटर बनाने के जिला प्रशासन के निर्णय पर छात्रसंघ ने कड़ी आपत्ति जताई है। उच्च शिक्षा निदेशक को शिकायती पत्र भेजकर इस पर प्रभावी ढंग से रोक लगाने की मांग की है। चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो वे आंदोलन का बिगुल बजा देंगे। छात्रसंघ अध्यक्ष सौरभ जोशी के नेतृत्व में छात्र शुक्रवार को डिग्री कॉलेज में पहुंचे। यहां प्राचार्य अंजू अग्रवाल के माध्यम से उच्च शिक्षा निदेशक को ज्ञापन भेजा। इससे पूर्व हुई सभा में छात्रों का कहना है कि उन्हें अखबारों के माध्यम से उन्हें जानकारी मिली है कि कॉलेज के मैदान में जिला प्रशासन कोविड केयर सेंटर बनाने जा रहा है। छात्रों का कहना है कि कॉलेज में इस वक्त परीक्षाएं चल रही हैं। इसके बाद प्रवेश प्रक्रिया चलेगी। इतना ही नहीं स्पेशल बैक परीक्षा भी कॉलेज में संचालित की जानी है। यूजीसी की गाइड लाइन के अनुसार एक नवंबर से महाविद्यालय सुचारु ढंग से खोले जाने हैं।

सम्पादकीय

अनुचित आचरण

यह सर्वविदित तथ्य है कि खेती किसानों के लिये घाटे का सौदा बन चुकी है।?ऐसे में यथास्थिति में बदलाव की ?अपरिहार्यता से इनकार भी नहीं किया जा सकता। निस्संदेह ऐसे बदलाव कृषि सुधारों के जरिये ही संभव हैं, जो दूरगामी परिणाम देने वाले हों। विडंबना यही है कि किसान इस देश का बड़ा वोट बैंक है और कोई भी सरकार यदि सकारात्मक बदलाव की ओर उन्मुख? होती है तो किसानों की चिंताओं को विपक्ष अपने लिये एक अवसर में बदल देता है। यही वजह है कि कई दशकों से कृषि सुधार के हकीकत न बन पाने के कारण किसानों की समस्याओं का अंतहीन सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। केंद्र सरकार द्वारा हाल में लाये गये कृषि सुधार बिलों को लेकर लोकसभा में तो प्रतिरोध के स्वर मुखर नजर नहीं आये मगर रविवार को राज्यसभा में दो बिलों को पारित करने की प्रक्रिया में विपक्ष ने जिस तरह आक्रामकता दिखायी है, वह इस सदन की गरिमा के अनुकूल कतई नहीं कही जा सकती। उच्च सदन के बारे में धारणा रही है कि यहां देश के प्रबुद्ध जनप्रतिनिधि देशकाल-परिस्थितियों के अनुरूप फैसले करने में अग्रणी रहते हैं। उनके व्यवहार में परिपक्वता झलकती है। मगर राज्यसभा में रविवार को टकराव व असंसदीय व्यवहार का जो परिदृश्य उभरा, उसे संसदीय इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज किया जायेगा। निस्संदेह दो महत्वपूर्ण विधेयक पारित हो गये हैं। इन दो विधेयकों में जहां एक किसानों को किसान मंडियों से बाहर फसल बेचने की सुविधा उपलब्ध कराता है तो वहीं दूसरी ओर दूसरा विधेयक कॉन्ट्रैक्ट खेती की राह सुगम करता है जो निस्संदेह हरित क्रांति के उपरांत कृषि क्षेत्र के बड़े बदलावों में शुमार किये जा सकते हैं। साथ?ही उम्मीद की जा सकती है कि इन बदलावों से भारतीय खेती में लंबे समय से विद्यमान समस्याओं का निराकरण हो पायेगा लेकिन राज्यसभा के घटनाक्रम और किसानों के बीच व्याप्त आशंकाओं से नयी तस्वीर उभरती है।

बहरहाल राज्यसभा में रविवार के घटनाक्रम और आठ विपक्षी सांसदों के निलंबन ने कई सवालों को जन्म दिया है। सवाल यह भी है कि यदि विधेयक बदलाव के वाहक और महत्वपूर्ण हैं तो सरकार को इन्हें पारित कराने में इतनी जल्दबाजी करने की क्या जरूरत थी। सरकार ने विपक्ष की मत विभाजन की मांग को क्यों खारिज किया। हमें याद रखना चाहिए कि जीडीपी की तीव्र गिरावट के दौर में भारतीय कृषि ने आशाजनक परिणाम दिये हैं।?ऐसे में यदि किसान आशंकाओं में घिरता है तो उसकी उत्पादकता पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। राज्यसभा में हुए घटनाक्रम से किसान के मन में आशंका पैदा हो सकती है कि सरकार इन बिलों पर व्यापक विचार-विमर्श?से बचना चाहती है। वैसे राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा उपसभापति से जैसा व्यवहार किया गया, नियम पुस्तिका फाड़ने की कोशिश हुई और माइक्रोफोन तोड़े गये, उससे किसानों व देश में अच्छा संदेश तो कदापि नहीं गया। मगर इसके बावजूद जब बारह विपक्षी दल विधेयकों के खिलाफ प्रस्ताव पर वोटिंग की मांग करते हैं तो उपसभापति को मत विभाजन की अनुमति देनी चाहिए थी। निस्संदेह हालिया घटनाक्रम से बिलों को पारित कराने की प्रक्रिया का अवमूल्यन हुआ है। सवाल यह भी उठता है कि यदि सही मायनो में सुधार किसानों की भलाई के लिये किये जा रहे हैं तो सरकार को संसद के भीतर और बाहर प्रत्येक प्रश्न का जवाब देते हुए विधेयकों को संसदीय प्रक्रिया से गुजरने देने से परहेज क्यों करना चाहिए था? यदि ऐसा होता तो किसानों में अच्छा संदेश जाता और उनकी आशंकाओं को निर्मूल साबित किया जा सकता। सरकार एक ओर न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा रही है और दूसरी ओर कृषि उपज विपणन मंडियों को बरकरार रखने की बात कर रही है, जिससे सुधारों को लेकर ऊहापोह की स्थिति नजर आती है। वहीं सरकार को विपक्ष से टकराव को टालने का प्रयास करना चाहिए था ताकि यह संदेश न जाये कि सरकार सत्ता के अहंकार में ऐसा कर रही है। सरकार से पारदर्शी व्यवहार की उम्मीद की जानी चाहिए।

उम्मीदों की आंकड़ेबाजी से उपजी कोताही

दिनेश सी. शर्मा

कोविड-19 वैश्विक महामारी को फैले अब 6 महीने हो चुके हैं। भारत में तस्दीकशुदा 55 लाख मामले दर्ज हुए हैं और सक्रिय केसों की गिनती 10 लाख को छू गई है। इससे वैश्विक सूची में भारत दूसरा सबसे ज्यादा प्रभावित मुल्क बन गया है। मौतों के आंकड़ों के मुताबिक भारत का स्थान तीसरा है। देश में वायरस के फैलाव को रोकने और स्वास्थ्य तंत्र को तैयार करने के मकसद से लॉकडाउन लगाना पड़ा था। संक्रमण-कड़ी तोड़ने के लिए लोगों को व्यावहारिक रूप से मास्क पहनने, शारीरिक दूरी बनाने और हाथों को लगातार धोते रहने के निर्देश दिए गए हैं। पिछले कुछ हफ्तों में हमने देखा है कि आर्थिक, व्यापारिक, हवाई यात्रा, रेल एवं जन-परिवहन समेत अन्य गतिविधियां फिर से शुरू करने को धीरे-धीरे लॉकडाउन में ढील दी गई है।

संक्रमण की रोकथाम में सबसे कारगर मुख्य हथियार मास्क और हाथों को धोना ही है। जैसे-जैसे आर्थिक गतिविधियां पुनः शुरू हो गई हैं और लॉकडाउन की बंदिशों को उठाया जा रहा है तो हमें सड़कों, पार्कों और अन्य सार्वजनिक जगहों पर फिर से बड़ी संख्या में लोग दिखाई दे रहे हैं लेकिन उनमें काफी ऐसे भी हैं जो सही ढंग से मास्क नहीं पहनते। दिल्ली में पिछले तीन महीनों में पुलिस ने दिशा-निर्देश का पालन न करने वाले 2.6 लाख लोगों को जुर्माना लगाया है, इनमें अकेले मास्क न पहनने वालों की संख्या 2.3 लाख थी। अन्य शहरों में भी मास्क न पहनने वालों की खासी सूचनाएं हैं। लोग बैंक कांउटरों, दुकानों और सड़क किनारे खोखों पर पहले की भांति साथ-साथ खड़े होकर जमावड़ा बना रहे हैं। यह दृश्यावली लॉकडाउन के आरंभिक हफ्तों में बने अनुशासन से भिन्न है जब लोग सतर्क होकर स्वतः स्फूर्त पालन कर रहे थे।

यह लक्षण है 'व्यवहार बदलाव करने में आई उदासीनता' का या इसे 'पालन-अरुचि' भी कह सकते हैं। आसान शब्दों में कहें तो 'व्यवहार बदलने में आई उदासीनता' बताती है कि लोगबाग नए आदेशों का पालन करने में थकने लगे हैं। आखिरकार घर से बाहर हमेशा अपना मुंह ढांपकर रखना या फिर दोस्तों से हाथ न मिलाने की आदत डालना इतना आसान भी नहीं है। चूंकि इस किस्म से लादे गए बदलाव स्थाई नहीं हो सकते, इसीलिए पुराने ढर्रे पर लौट आए लोग देखने को मिल रहे हैं। 'पालन-अरुचि' का अन्य कारण बदलावों को लेकर बनी अनिश्चितता है। यह दो स्तरों पर है-एक, यह सब कब तक चलेगा, जो आगे वैश्विक महामारी की मियाद को लेकर बनी असमंजसता से जुड़ा है, दूसरा स्तर है, मुंह को ढांपकर रखना और हाथ धोते रहने का उपाय वास्तव में है कितना प्रभावी?

मानवीय स्वभाव और इसमें बदलाव, किसी खास विषय को लेकर बनी धारणा से संचालित होता है, मौजूदा मामले में यह वैश्विक महामारी की वजह से बनी मानसिकता है। धारणा आगे विभिन्न स्त्रोतों के जरिए लोगों को मिली जानकारी से आकृति लेती है-मसलन सरकार, मीडिया, मित्रमंडली इत्यादि से प्राप्त सूचनाएं। अगर लोगों को लगता है कि नवीन कोरोना वायरस एक सहन करने योग्य जोखिम है तो वे अपने पुराने व्यवहार पर वापस लौट जाएंगे। अगर कोई व्यक्ति सार्वजनिक जगह पर मास्क नहीं पहनता है तो इसका मतलब है कि उसे यकीन है कि न तो खुद को कोई खतरा है और न ही वह दूसरों के लिए खतरनाक है। उसकी यह धारणा कुछेक स्त्रोतों से प्राप्त सूचनाओं पर आधारित हो सकती है। मसलन टेलीविजन, व्हाट्सऐप जैसे सोशल मीडिया मंच, अखबारी खबरें या यूट्यूब अथवा सबको मिलाजुलाकर बनी कच्ची-पक्की जानकारी। इसीलिए कोविड-19 से संबंधित प्रमाणित सूचनाएं और खबरें, सावधानियां, उपचार के तरीके, रोकथाम इत्यादि की जानकारी बहुत महत्व रखती है। इस तरह इकट्ठी हुई सूचनाओं पर यकीन कर लोगबाग खुद को संक्रमण होने की संभावना का गुणा-भाग स्वयं करने लगते हैं और अपना व्यवहार उस मुताबिक ढाल लेते हैं। यही समस्या की जड़ है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, आईसीएमआर और अन्य आधिकारिक एजेंसियों द्वारा जारी विज्ञप्तियां लगातार भारत पर वैश्विक महामारी से हुए वास्तविक असर को घटाकर पेश रहे हैं, गढ़कर बनाए और 'मन को झूठी तसल्ली' देने वाले आंकड़ों पर बेजा जोर दिया जा रहा है और यह काम निरंतर हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा पत्रकार वार्ता में प्रवक्ता ने निम्न बिंदुओं पर जोर देते हुए कहा ः 'अभी तक देश में 5 करोड़ से ज्यादा कोविड टेस्ट किए गए हैं, 44 लाख मरीज ठीक हुए हैं, मृत्यु दर लगातार घट रही है जो वैश्विक दर 3.28त्न के मुकाबले 1.6त्न है।' यह दावा उस दिन किया गया जब भारत दुनिया में संक्रमित लोगों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंचा था। उसके बाद से हर दिन नए मामले नाटकीय ढंग से बढ़ते जा रहे हैं। मंत्रालय ने यह भी जोरशोर से बताया था कि भारत में प्रति दस लाख पर मृत्यु दर केवल 53 है जो वैश्विक स्तर पर 115 मौतें प्रति दस लाख वाले अनुपात से कहीं कम है। यह भी कहा कि प्रति दस लाख व्यक्तियों पर दर्ज हुए 3102 केस दर के साथ विश्वभर में सबसे कम गिनती वालों में एक है। इसके अलावा भारत के 14 राज्य और केंद्रशासित प्रदेश ऐसे हैं जहां सक्रिय मामले 5000 से कम हैं।

चूंकि मंत्रालय की प्रेस वार्ता का टीवी चैनलों और सोशल मीडिया पर सीधा प्रसारण किया जाता है, इसलिए लोगों तक जानकारियां सीधे पहुंच जाती हैं। अब आम लोग गहन तकनीकी शब्दावली मसलन सीएफआर या प्रति व्यक्ति अनुपात को क्या जानें। लेकिन उन तक मोटा-मोटा संदेश पहुंच जाता है : 'भारत अन्य देशों के मुकाबले काफी बेहतर कर रहा है', इसे आधार बनाकर वे अपना व्यवहार उसके मुताबिक करने लगते हैं।

ठीक हुए लोगों की गिनती, टेस्ट संख्या और मृत्यु दर बताकर 'मन को तसल्ली' देने वाले आंकड़ों से की जाने वाली आधिकारिक जादूगरी के अलावा सोशल मीडिया के जरिए लोगों में यह संदेश प्रसारित किया जाता है कि कोविड-19 की वैक्सीन (रोगप्रतिरोधक दवा) बस आने वाली है। मौजूदा समय में विश्वभर में प्रतिरोधक दवा बनाने के 200 से ज्यादा यत्न चल रहे हैं। उनमें प्रत्येक को मिली मामूली सी सफलता को भी बढ़ा-चढ़ाकर प्रचारित किया जा रहा है, यह सब किसी दवा को विकसित करने से जुड़े अन्य पहलुओं जैसे कि क्लिनिकल टेस्टिंग, व्यावसायिक उत्पादन क्षमता, वितरण, टीकाकरण व्यवस्था और बाद में क्या करना होगा इत्यादि पर विचार किए बिना किया जा रहा है। खबरिया चैनल यूं प्रचारित रहे हैं मानो प्रतिरोधात्मक दवा बनना ही महामारी से निपटने का एकमात्र निदान है। इस किस्म की गलत अवधारणा और मन को तसल्ली देने की खातिर सरकारी एजेंसियों द्वारा की गई घोषणाएं न केवल नयी किस्म की व्यवहार संबंधी महामारी पैदा कर रही हैं बल्कि पालन-अरुचि भी पैदा कर रही हैं। हमें इन हरकतों को बूझने की जरूरत है और कोविड-19 उन्मूलन की बाबत आने वाली सूचनाएं, रणनीति और संदेशों को पहले सत्यापन के बाद ही मानने की सख्त जरूरत है। इससे जानें बचाई जा सकती हैं।

संक्रमण की रोकथाम में सबसे कारगर मुख्य हथियार मास्क और हाथों को धोना ही है। जैसे-जैसे आर्थिक गतिविधियां पुनः शुरू हो गई हैं और लॉकडाउन की बंदिशों को उठाया जा रहा है तो हमें सड़कों, पार्कों और अन्य सार्वजनिक जगहों पर फिर से बड़ी संख्या में लोग दिखाई दे रहे हैं लेकिन उनमें काफी ऐसे भी हैं जो सही ढंग से मास्क नहीं पहनते। दिल्ली में पिछले तीन महीनों में पुलिस ने दिशा-निर्देश का पालन न करने वाले 2.6 लाख लोगों को जुर्माना लगाया है, इनमें अकेले मास्क न पहनने वालों की संख्या 2.3 लाख थी। अन्य शहरों में भी मास्क न पहनने वालों की खासी सूचनाएं हैं। लोग बैंक कांउटरों, दुकानों और सड़क किनारे खोखों पर पहले की भांति साथ-साथ खड़े होकर जमावड़ा बना रहे हैं। यह दृश्यावली लॉकडाउन के आरंभिक हफ्तों में बने अनुशासन से भिन्न है जब लोग सतर्क होकर स्वतः स्फूर्त पालन कर रहे थे। यह लक्षण है 'व्यवहार बदलाव करने में आई उदासीनता' का या इसे 'पालन-अरुचि' भी कह सकते हैं। आसान शब्दों में कहें तो 'व्यवहार बदलने में आई उदासीनता' बताती है कि लोगबाग नए आदेशों का पालन करने में थकने लगे हैं। आखिरकार घर से बाहर हमेशा अपना मुंह ढांपकर रखना या फिर दोस्तों से हाथ न मिलाने की आदत डालना इतना आसान भी नहीं है। चूंकि इस किस्म से लादे गए बदलाव स्थाई नहीं हो सकते, इसीलिए पुराने ढर्रे पर लौट आए लोग देखने को मिल रहे हैं। 'पालन-अरुचि' का अन्य कारण बदलावों को लेकर बनी अनिश्चितता है। यह दो स्तरों पर है-एक, यह सब कब तक चलेगा, जो आगे वैश्विक महामारी की मियाद को लेकर बनी असमंजसता से जुड़ा है, दूसरा स्तर है, मुंह को ढांपकर रखना और हाथ धोते रहने का उपाय वास्तव में है कितना प्रभावी?



खनखन और झनझन वाली टीआरपी

सौरभ जैन

अभी कुछ महीने पहले की ही बात है जब हमने अवसाद के प्रति 'हम होंगे कामयाब' के तराने छेड़ दिए थे। सुबह सवेरे प्रातः स्मरण के रूप में व्हाट्सएप पर सकारात्मक जीवन के संदेश भरपल्ले आने लगे। मैमोरी क्लियर करते-करते बंदा खुद डिस्चार्ज हो जाता था। कुछ दिनों तक अवसाद के प्रति चली चर्चा को देख यों लगा भले जीडीपी में मुंह की क्यों न खाई हो लेकिन हैप्पीनेस इंडेक्स में हम छलांग मार फिनलैंड से भी ऊपर आ जायेंगे। 'दिल के अरमां आंसुओं में बह गए' जब अवसाद के विरुद्ध छेड़ी तान में विषकन्या वाले सुर सुनाई पड़ने लगे। विषकन्या पर भी बात कुछ ज्यादा दिन रुकी नहीं। अब रुकती भी भला कैसे? एकता कपूर ने अपने धारावाहिकों में किसी विषय को छोड़ा जो नहीं था।

विषकन्या एक्सप्रेसवे पर नशेड़ी, गंजेड़ी टोल नाकों को पार करते हुए एनसीबी चौराहे से आगे बीएमसी की जेसीबी तक खबरों की सड़क तैयार थी। कोलंबस जैसे अमेरिका की खोज के लिए भटके होंगे वैसे ही सनसनी खबरों के पीछे कैमरे भाग रहे थे। बापू के सत्य के साथ मेरे प्रयोग की तर्ज पर खबरिया चैनल टीआरपी के साथ मेरे प्रयोग में जुटे थे। एक चैनल बोला–सबसे पहले हम बता रहे हैं, दूसरा चैनल बोला–पहले वाले से भी पहले हम बता रहे हैं, एक तीसरा चैनल भी था, जिसका दावा था कि वह पांच मिनट बाद क्या होगा, यह खबर भी पहले बता रहा है। पहला और दूसरा विश्व युद्ध किन्हीं भी कारणों से हुआ हो, किन्तु अगला विश्व युद्ध टीआरपी के लिए होना तय माना जाना चाहिए। टीआरपी की चादर ओढ़े खबरें एक्सक्लूसिव के पथ पर बढ़ती जा रही थीं। एक दिन अचानक अवसाद, विषकन्या खंड काव्य के बाद नशा महाकाव्य का आरम्भ हो गया। एंकर की अभिनय कला से प्रेरित होकर टीवी के सामने बैठा बच्चा 'मुझे चॉकलेट दो, मुझे लॉलीपॉप दो' की जिद करने लगा। बच्चों की स्थिति तो यह हो चली है कि राज्य और उनकी राजधानी के नाम भले न पता हों, किंतु ड्रग्स और उनके विविध प्रकारों पर वे लंबा निबंध लिख सकते हैं।खबर नशे की है या खबर सुनाने वाले खबरों के नशे में हैं, यह तय कर पाना बड़ा मुश्किल हो गया है। वैसे भी अभी खबरों को और जलील होना था, सो 'नॉटी' से लेकर 'उखाड़ दिया' तक अप्रोच रोड तैयार थी। इसके बाद स्वच्छ भारत अभियान के बावजूद साफ होने से शेष रही 'नाली' और फिर छेद वाली थाली टीआरपी के पैमानों पर कामयाब रही। कंगना के खनखन में पायल की झनझन भी शामिल हो गई। खनखन और झनझन की 'ध्वनि' के आगे किसानों के 'मत' की खबरें शून्य साबित हुईं। लॉकडाउन में मारे गए मजदूरों का डाटा, गरीब की रसोई में आटा, नौजवान के हाथ से जाता काम, टमाटर-आलू के बढ़ते दाम जैसी खबरों के भाग्य में संघर्ष ही है।

कृषि विधेयकः वितंडा और बदलाव

हरित क्रांति वाले इलाकों- पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र को छोड़ दें तो जोतों का आकार छोटा होते जाना पूरे देश की कृषि उत्पादकता के लिए बहुत बड़ी समस्या रही है। इसका हल खोजने की कोशिश में सहकारी खेती का अभियान छेड़ा गया लेकिन वह कोई खास नतीजा नहीं दे सका और अभी उसकी भूमिका नगण्य है। छोटी जोतों के चलते खेती का आधुनिकीकरण नहीं हो पा रहा। जीडीपी में उसका हिस्सा लगातार घटता गया है, हालांकि आबादी के बड़े हिस्से की उस पर निर्भरता ज्यों की त्यों बनी हुई है। किसान आत्महत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। जिन इलाकों से ऐसी खबरें नहीं आ रहीं, वहां भी उनकी लाचारी जगजाहिर है।

सरकार द्वारा पेश कृषि बिलों को लेकर लोकसभा में भले ज्यादा विवाद न हुआ हो, लेकिन राज्यसभा में रविवार को इनके इर्दगिर्द जैसे दृश्य देखने को मिले, उन्हें भारत के संसदीय इतिहास के काले अध्याय में ही जगह मिल पाएगी। हालांकि जो दो विधेयक पारित किए गए हैं, उनके ऐतिहासिक महत्व से शायद ही कोई इनकार करे। इनमें एक किसानों को अपनी फसलें मंडियों से बाहर किसी को भी बेचने की छूट देता है तो दूसरा कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग का रास्ता साफ करता है। इन दोनों विधेयकों को हरित क्रांति के बाद

देश की खेती-किसानी का स्वरूप बदलने वाला सबसे बड़ा कदम कहा जा सकता है। रहा सवाल इन बदलावों की जरूरत का तो एक बात तय है कि भारत का कृषि क्षेत्र लंबे समय से समस्याग्रस्त है।

हरित क्रांति वाले इलाकों- पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र को छोड़ दें तो जोतों का आकार छोटा होते जाना पूरे देश की कृषि उत्पादकता के लिए बहुत बड़ी समस्या रही है। इसका हल खोजने की कोशिश में सहकारी खेती का अभियान छेड़ा गया लेकिन वह कोई खास नतीजा नहीं दे सका और अभी उसकी भूमिका नगण्य है। छोटी जोतों के चलते खेती का आधुनिकीकरण नहीं हो पा रहा। जीडीपी में उसका हिस्सा लगातार घटता गया है, हालांकि आबादी के बड़े हिस्से की उस पर निर्भरता ज्यों की त्यों बनी हुई है। किसान आत्महत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। जिन इलाकों से ऐसी खबरें नहीं आ रहीं, वहां भी उनकी लाचारी जगजाहिर है। अपवादों को छोड़ दें तो एक आम किसान के लिए खेती घाटे का सौदा बन चुकी है और मजबूरी में उसे ढोया जा रहा है। जरूरत इस ठहराव को तोड़ने की है जो कृषि सुधारों के जरिए ही संभव है। इस बारे में बीते तीन दशकों की सारी सरकारें चर्चा करती रही हैं लेकिन किसी से इस दिशा में कुछ ठोस करते नहीं बना।

लंबे इंतजार के बाद इन विधेयकों के रूप में एक शुरुआत हुई है, लेकिन जिस माहौल और जिस अंदाज में इन्हें पारित किया गया है, उस पर अफसोस ही जताया जा सकता है। अगर विपक्ष राज्यसभा में मत विभाजन की मांग कर रहा था और सदन में हंगामा चल रहा था तो सभापति सदस्यों को शांत करने के लिए विभिन्न दलों के नेताओं से अलग से बात कर सकते थे। बहस होती और वोटिंग एक दिन बाद भी हो जाती तो क्या दिक्कत थी? विपक्ष ने भी संसद के जरिये देशवासियों को यह समझाने का मौका गंवा दिया कि इन विधेयकों में उसे वे कौन से खतरे दिखाई दे रहे हैं जिन्हें कोशिश करके भी दूर नहीं किया जा सकता। दोनों पक्षों की ओर से थोड़ी समझदारी बरतने पर पूरा देश इन बदलावों के गुण-दोष से परिचित होता और नए कानूनों को लेकर संदेह, अनिश्चय और असमंजस की स्थिति न बनती। याद रहे, ये कानून अंततः भारतीय किसानों पर ही लागू होने हैं, जिनकी ख्याति दुनिया में सबसे ज्यादा फूंक-फूंक कर कदम रखने वाले तबके की है।

दूर से ही अलविदा कह देगी कैंसर जैसी बीमारी, स्टार फरूट के फायदे जान लेंगे तो रोज खाएंगे

अमरस, कमरख या स्टार फरूट। आमतौर पर इन तीन अलग-अलग नामों से इस फल को पहचाना जाता है। स्टार फरूट साइट्रिक एसिड से युक्त होता है, इस कारण यह हमारे शरीर को विटमिन-सी प्रदान करता है। अब आप काफी हद तक समझ गए होंगे कि आखिर हम आपको स्टार फरूट के बारे में क्यों बता रहे हैं। आइए, इस फल से जुड़ी उन बातों को जानते हैं, जो आपके स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी हैं...

कैसा होता है स्टार फरूट?

-जैसा की नाम से ही साफ है कि यह फल स्टार यानी किसी सितारे की तरह दिखता है। लेकिन स्टार शेप में यह फल काटने के बाद आता है। क्योंकि इसकी बाहरी बनावट ही इस तरह की होती है कि जब इसे छोटे-छोटे पीस में काटा जाता है तो खूबसूरत स्टार्स की शेप बन जाती है।

-स्टार फरूट या अमरस हल्के हरे रंग का फल होता है। यह खाने में हल्का खट्टा और रसीला होता है। पकने के दौरान यह फल हल्के पीले रंग का हो जाता है और जब पूरी तरह पक जाता है तो यह फल नारंगी रंग का हो जाता है। साथ ही इसके स्वाद में तीखापन थोड़ा-सा कम हो जाता है।

स्टार फरूट कहां मिलता है?

-स्टार फरूट आमतौर पर सब जगह मिलता है। यह एक ऐसा फल है जो लगभग पूरे साल उपलब्ध रहता है। क्योंकि साल में इसकी दो फसल आती हैं। हालांकि यह मूल रूप से भारतीय फल नहीं है लेकिन भारत में भी पूरे साल मिलता है।

-स्टार फरूट का उपयोग आमतौर पर सलाद और फरूट चाट और स्ट्रीट फूड्स में किया जाता है। यह स्नैक्स, ड्रिंक्स और फूड को गार्निश करने और चटनी, सॉस आदि का स्वाद बढ़ाने का काम करता है।

स्टार फरूट खाने के लाभ

-जैसा कि हम बता चुके हैं कि यह फल साइट्रिक एसिड युक्त होता है और आपके शरीर को विटमिन-सी देने का काम करता है। विटमिन-सी वही विटमिन है जो आपके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का काम करता है।

पेट की समस्याओं से बचाए

-साथ ही स्टार फरूट के सेवन से पाचनतंत्र से जुड़ी समस्याएं दूर होती हैं। इस फल में फाइबर अच्छी मात्रा में पाया जाता है, जिससे इसके सेवन का सीधा लाभ आपके पाचनतंत्र को मिलता है। आप कब्ज, लूज मोशन, अपच, गैस जैसी पेट संबंधी समस्याओं से बचे रहते हैं।

दिल को स्वस्थ रखता है

-अमरस में विटमिन-बी पाया जाता है। साथ ही आयरन और मैग्निशियम जैसे तत्व पाए जाते हैं। ये सभी आपके शरीर में रक्त का प्रवाह सही बनाए रखने में सहायता करते हैं। इससे हार्ट अटैक, स्ट्रोक और क्लोटिंग (खून का थक्का जमना) की समस्याएं दूर रहती हैं।

कैंसर का खतरा कम करता है

-आजकल कैंसर जैसा भयानक रोग भी बहुत सामान्य हो चला है। क्योंकि हमारे समाज में कैंसर के रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लेकिन अमरस का सेवन आपको इस समस्या से बचाने में लाभाकारी साबित हो सकता है।

-क्योंकि इस फरूट में बीटा-कैरोटीन पाया जाता है। यह एक ऐसा तत्व है जो आपके शरीर में कैंसर की कोशिकाओं को पनपने से रोकता है। साथ ही यह ऐंटिऑक्सिडेंट्स की तरह काम करता है। इससे शरीर को निरोग रखने में सहायता मिलती है।

हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करे

-स्टार फरूट हमारी आंतों को नुकसान पहुंचानेवाले हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करने में सहायता करता है। साथ ही गुड बैक्टीरिया को हेल्दी बनाने का काम करता है।

अपने सूती फेस मास्क को इंफेक्शन फ्री रखने का तरीका यहां जानें, मिलेगा पूरा फायदा

आपको ध्यान होगा कि पिछले दिनों भारत सरकार की तरफ से रेस्पिरेटर युक्त एन-95 मास्क ना पहनने की सलाह दी गई है। ऐसे में अब सवाल यह उठता है कि आप जो सूती कपड़े से तैयार मास्क पहन रहे हैं, जिसे आप बार-बार उपयोग में ला सकते हैं, क्या डिटर्जेंट से धोने पर वह पूरी तरह साफ हो जाता है?

मास्क की उपयोगिता और सरकारी गाइडलाइन्स

-कुछ महीने पहले केंद्र सरकार की तरफ से देश के सभी राज्यों को पत्र भेजकर इस बारे में जानकारी दी गई थी कि वे जितना जल्दी हो सके अपने राज्य में एन-95 मास्क के उपयोग को बंद करा दें और इसके स्थान पर सूती कपड़े से तैयार मास्क को बढ़ावा दें।

केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को भेजे गए इस पत्र में सूती कपड़े से बने मास्क पहनने पर जोर देने की वजह के बारे में भी विस्तार से बताया गया था। साथ ही छिद्र युक्त (रेस्पिरेटर लगा हुआ) मास्क ना उपयोग करने की सलाह का कारण भी बताया था।

यह है बड़ा सवाल

अब सवाल यह उठता है कि क्या सूती कपड़े से तैयार होमेमेड मास्क या रेडिमेड मास्क को सिर्फ डिटर्जेंट से धुलकर ही दोबारा उपयोग में लाया जा सकता है या इसे सेनिटाइज करने के लिए और भी तरीके अपनाने की जरूरत है?

मास्क धोने का सही तरीका

-कॉटन के कपड़े से बने मास्क का लाभ यह है कि आप इसे बार-बार उपयोग कर सकते हैं। बस जरूरी है कि आप इसकी सफाई का पूरा ध्यान रखें। इसके लिए मास्क को एक बार उपयोग करने के बाद जरूर धुलें।

-मास्क धोने के लिए गर्म पानी और सर्फ या साबुन का उपयोग करें। इसके बाद मास्क को सूरज की तेज रोशनी में सुखाएं। ताकि गर्म पानी के उपयोग से यदि कुछ हानिकारक जर्म्स या वायरस बच भी गए हों तो सनलाइट में खत्म हो जाएं।

कितनी देर सुखाएं मास्क

-हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि यदि सूरज की धूप अच्छी और तेज है तो इस स्थिति में आप 4 से 5 घंटे के लिए अपना मास्क धूप में सूखने के लिए डाल दें। इस बात का ध्यान रखें कि आस-पास धूल-मिट्टी ना उड़ रही हो। साथ ही कोई कोरोना संक्रमित व्यक्ति आपके धुले हुए कपड़ों के आस-पास ना आए।

धूप ना होने पर क्या करें?

-यदि आपके लिए 4-5 घंटे अपना मास्क धूप में सुखाना संभव नहीं है तो आप अपने मास्क को धुलने के बाद 10 मिनट के लिए डेटॉल के पानी में भिगोकर रख दें।

-इसके बाद हल्के हाथों से इसे निचोड़कर सूखने के लिए लटका दें।

राहुल को दो जीवनदान देने की वजह से हमें 35-40 रन का अतिरिक्त नुकसान हुआः विराट कोहली



दुबई,रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को गुरुवार को किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ 97 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा। आरसीबी की टीम के लिए ही नहीं बल्कि कप्तान विराट कोहली के लिए भी यह मैच एक बुरे स्वप्न की तरह साबित हुआ।

कोहली ने पहले पंजाब के कप्तान केएल राहुल के दो कैच छोड़े और इसके बाद वह बल्ले से भी असफल रहे और केवल 1 रन बनाकर आउट हो गए। राहुल जब 83 और 89 रन पर थे, तो कोहली ने उनका कैच छोड़ा। जिसके बाद राहुल ने 69 गेंदों पर 136 रनों की नाबाद पारी खेली।

कोहली ने मैच के बाद कहा,हमने मैच के बीच में काफी अच्छी गेंदबाजी की। हालांकि पंजाब की शुरुआत काफी अच्छी रही थी, लेकिन बाद में हमने अच्छी वापसी की। हालांकि केएल राहुल को दो-दो जीवनदान देने की वजह से हमें 35-40 रन का अतिरिक्त नुकसान हुआ। मैं इसकी जिम्मेदारी लेता हूं। ये दिन मेरे लिए अच्छा साबित नहीं हुआ।

उन्होंने कहा,अगर हम पंजाब की टीम को 180 तक भी रोक देते तो हमारी टीम पर दूसरी पारी में पहले ही गेंद से दवाब नहीं होता। कोहली ने कहा कि क्रिकेट के मैदान पर ऐसा हो जाता है और हमें इसे स्वीकार करना ही होगा। पहला मैच हमारे लिए अच्छा था तो ये मैच बुरा रहा। हमने इस मैच में अपनी गलतियों से काफी कुछ सीखा है और उससे सबक लेकर आगे बढ़ना होगा।

गौरतलब है कि केएल राहुल की धमाकेदार शतकीय पारी (नाबाद 132 रन, 69 गेंद, 14 चौके और सात छक्के) की बदौलत किंग्स इलेवन पंजाब ने आईपीएल-2020 के एकतरफा मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 97 रन से हरा दिया। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 3 विकेट पर 206 रन बनाए। जवाब में आरसीबी 17 ओवरों में 109 रनों पर सिमट गई।

किंग्स इलेवन पंजाब से मिली शर्मनाक हार के बाद विराट कोहली पर गिरी एक और गाज

दुबई,किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान लोकेश राहुल की शानदार बल्लेबाजी की वजह से करारी हार झेलने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान विराट कोहली की दिक्कतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बेहद शर्मनाक प्रदर्शन करने वाले विराट कोहली पर धीमी गति से ओवर करने की वजह से स्लो-ओवर रेट क्लॉज के तहत 12 लाख रुपए का भारी-भरकम जुर्माना लगा है। गौरतलब है कि विराट की टीम ने निर्धारित समय में 20 ओवर पूरे नहीं किए जिसके चलते पंजाब की पारी काफी देर से खत्म हुई। इंडियन प्रीमियर लीग के छठे मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ बेहद शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। पंजाब ने बेंगलुरु को 97 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 206 रन बनाए, जवाब में बेंगलुरु की टीम 109 रनों पर ढेर हो गई। कप्तान विराट से लेकर टीम के सारे स्टार खिलाड़ी फ्लॉप हो गए। जानकारी के अनुसार आईपएल के नियमों के मुताबिक समय पर ओवर पूरे न होने के चलते कप्तान पर जुर्माना लगाया जाता है। आईपीएल के मौजूदा सीज़न में पहली बार किसी कप्तान पर स्लो ओवर रेट के लिए ये सजा दी गई है।

आईपीएल 2020 : हमारी टीम ने हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन कियाः केएल राहुल

दुबई,। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13वें संस्करण के छठे मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) पर मिली 97 रनों की जीत पर खुशी जताते हुए किंग्स एकादश पंजाब के कप्तान लोकेश राहुल ने कहा कि उनकी टीम ने हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया और इससे उन्हें काफी खुशी मिली। मैच के बाद राहुल ने कहा,हमारी टीम ने हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया और इससे मुझे काफी खुशी मिली। मैं अपनी बल्लेबाजी को लेकर निश्चित नहीं था और जब मेरी ग्लेन मैक्सवेल के साथ बात हुई तो उन्होंने कहा कि तुम मजाक कर रहे हो। तुम गेंद को काफी अच्छी तरह से हिट कर रहे हो। राहुल ने कहा, शुरू में मैं थोड़ा संघर्ष कर रहा था, लेकिन मुझे पता था कि बाद में मैं लय हासिल कर लूंगा। राहुल ने कहा,टीम का कप्तान होने के बावजूद मैं अपने पुराने रुटीन पर ही चलता हूं। मैं टॉस होने तक खुद को एक खिलाड़ी ही समझता हूं कप्तान नहीं। मैं कप्तान व खिलाड़ी के बीच में संतुलन बनाने की कोशिश करता हूं। राहुल ने युवा स्पिनर रवि बिश्नोई की जमकर तारीफ की जिन्होंने तीन विकेट लिए थे। राहुल ने कहा कि वो फिंच व एबी को गेंदबाजी करने को लेकर नवर्स थे, लेकिन उन्होंने अपना जज्बा दिखाया। वो हार नहीं मानते और आप जब भी गेंदबाजी दें वो तैयार रहते हैं। गौरतलब है कि केएल राहुल की धमाकेदार शतकीय पारी (नाबाद 132 रन, 69 गेंद, 14 चौके और सात छक्के) की बदौलत किंग्स इलेवन पंजाब ने आईपीएल-2020 के एकतरफा मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 97 रन से हरा दिया।

आईपीएल 2020 : रोहित शर्मा ने की केएल राहुल की तारीफ

कहा-उम्दा शतकीय पारी खेली

दुबई, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2020 के छठे मुकाबले में किंग्स एकादश पंजाब के कप्तान केएल राहुल ने 69 गेंदों पर 132 रन की बेहतरीन नाबाद शतकीय पारी खेली। इस मैच में पंजाब ने आरसीबी को 97 रनों से करारी शिकस्त दी।राहुल की इस मैच जिताऊ पारी की तारीफ करते हुए रोहित शर्मा ने ट्वीट किया, केएल राहुल ने कुछ शानदार शॉट्स लगाए। उम्दा शतक। राहुल इस आईपीएल में शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज हैं, जबकि यह राहुल का आईपीएल इतिहास का यह दूसरा शतक है। बता दें कि इस शतक के साथ ही राहुल ने कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। राहुल आईपीएल में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने। इसके अलावा वह 2,000 रन बनाने वाले सबसे तेज भारतीय बने। उन्होंने दिग्गज भारतीय बल्लेबाज और मुंबई इंडियंस के पूर्व खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के आठ साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। तेंदुलकर ने इतने रन 63 पारी में बनाए थे, जबकि राहुल ने यह मुकाम 60 पारी में हासिल कर लिया।

जोंस का क्रिकेट पर बड़ा प्रभाव रहा है : आईसीसी

दुबई,अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डीन जोंस के निधन पर शोक जताया है।जोंस का गुरुवार दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह आईपीएल कॉमेंट्री टीम का हिस्सा थे।आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मनु स्वाहने ने एक बयान में कहा, डोन जोंस के अचानक निधन की खबर सुनकर हम काफी दुखी हैं। मैं उनके परिवार और दोस्तों को आईसीसी की तरफ से सांत्वना देना चाहता हूं।

स्वाहने ने कहा, जोंस शानदार बल्लेबाज थे। वह आस्ट्रेलिया के लिए 52 टेस्ट और 164 वनडे मैच खेले और 1987 में विश्व कप जीतने वाली आस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे। एक खिलाड़ी के तौर पर, कोच के तौर पर और बाद में एक ब्रॉडकास्टर के तौर पर उनका खेल पर काफी बड़ा प्रभाव रहा है।

आईपीएल 2020 : पर्पल कैप हासिल करने के बाद आत्मविश्वास काफी बढ़ गया हैः मोहम्मद शमी

दुबई, किंग्स इलेवन पंजाब के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पर्पल कैप हासिल करने का बाद कहा कि यह कैप हासिल करने के बाद से उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है और इसे कायम रखने के लिए और कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। शमी ने बैंगलोर के खिलाफ 3 ओवरों में 14 रन देकर एक विकेट लिया।

शमी ने ट्विटर पर पंजाब द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, पर्पल कैप हासिल करने पर बहुत अच्छा लग रहा है। इस कैप को हासिल करने से मेरा आत्मविश्वास बढ़ गया है। प्रशिक्षण के दौरान जो कुछ भी आपने किया है, उस पर अमल करना मायने रखता है।

पंजाब ने गुरुवार को आरसीबी के खिलाफ 97 रन की बड़ी जीत हासिल की। शमी ने कहा, मेरी जिम्मेदारी है कि मैं नई गेंद के साथ काम करूं, अपने गेंदबाजी साझेदारों की मदद करूं और सही क्षेत्रों में पहुंचने की कोशिश करूं। हमारी बल्लेबाजी भी अच्छी है और इस साल हमारी गेंदबाजी में सुधार हुआ है। यह एक युवा इकाई है जिसका अनुभव अच्छा है और यहां तक कि कौशल के हिसाब से भी हम अच्छे हैं।

उन्होंने कहा,शारजाह में अच्छा खेलना इस बात पर निर्भर करता है कि विकेट कैसा रिएक्ट करता है। अगर नमी है तो हम पूरी गेंदबाजी करने की कोशिश करेंगे और अगर यह सूखा है तो हम एक लम्बाई में वापस गेंदबाजी करेंगे। यही योजना होगी। हम वहां पहुंचने और पिच देखने के बाद ही आकलन कर सकते हैं।

बता दें कि आईपीएल में अभी तक सात गेंदबाजों मोहम्मद शमी, युजवेंद्र चहल, शेल्डन कॉट्रेल,रवि बिश्नोई, सैम करन,शिवम दुबे और लुंगी एंगिडी ने 4-4 विकेट लिए हैं।लेकिन सबसे कम इकोनॉमी रेट होने के कारण शमी को पर्पल कैप दिया गया है।

व्यापार जगत

सोना 6500 रुपये तक हुआ हुआ सस्ता!

नईदिल्ली,भले ही आज शेयर बाजार में तेजी देखने को मिल रही है, लेकिन सोने में अभी भी गिरावट जारी है। आज सुबह भी सोना गिरावट के साथ खुला। कल शाम को सोना 49,904 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था, जो आज सुबह 78 रुपये की गिरावट के साथ 49,826 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। शुरुआती कारोबार में ही सोने ने 49,725 रुपये का न्यूनतम स्तर छू लिया। वहीं सोना अपने ओपनिंग प्राइस से ऊपर एक बार भी नहीं जा सका। यानी ये कहना गलत नहीं होगा कि सोना गिरावट के साथ सिर्फ खुला ही नहीं, बल्कि खुलने के बाद लगातार गिरता ही चला गया। इसका मतलब कि महज आधे घंटे में ही सोना 179 रुपये तक गिर गया।हाजिर मांग कमजोर पड़ने के कारण कारोबारियों ने अपने जमा सौदे को कम किया जिससे वायदा बाजार में सोना बृहस्पतिवार को 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49,428 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अक्टूबर महीने में डिलिवरी वाले सोना अनुबंध की कीमत 80 रुपये यानी 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49,428 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसमें 6,936 लॉट के लिये कारोबार हुआ। सोना के दिसंबर महीने में डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 68 रुपये यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49,482 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसमें 11,780 लॉट के लिये कारोबार हुआ। वहीं, न्यूयार्क में सोने का भाव 0.57 प्रतिशत गिरकर 1,857.80 डॉलर प्रति औंस रह गया।अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 485 रुपये की हानि के साथ 50,418 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी कि सोने की कीमतों में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई है। पिछले दिन के कारोबार में यह 50,903 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, ''दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत में 485 रुपये की गिरावट रही जो लगातार चौथे कारोबारी सत्र की गिरावट को दर्शाता है।''

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना नरमी दर्शाता 1,854 डॉलर प्रति औंस पर था। उन्होंने कहा कि यूरोप में वायरस के बढ़ते संक्रमण के कारण आम आर्थिक गतिविधियों में मंदी के बीच सोने की कीमत में गिरावट जारी रही।पिछले महीने 7 अगस्त को सोने ने वायदा बाजार में अपना उच्चतम स्तर यानी ऑल टाइम हाई छुआ था और प्रति 10 ग्राम की कीमत 56,200 रुपये हो गई थी।

काकीनाड़ा एसईजेड में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी अरविंदो रीयल्टी को बेचेगी जीएमआर

नईदिल्ली,जीएमआर इन्फ्रास्ट्रक्चर लि. ने काकीनाड़ा एसईजेड लि. (केएसईजेड) में अपनी समूची 51 प्रतिशत हिस्सेदारी अरविंदो रीयल्टी को बेचने के लिए पक्का करार किया है।

शेयर बाजारों को भेजी सूचना में जीएमआर इन्फ्रास्ट्रक्चर ने कहा कि उसने काकीनाड़ा एसईजेड में अपनी अनुषंगी जीएमआर एसईजेड एंड पोर्ट होल्डिंग लि. (जीएसपीएचएल) की समूची 51 प्रतिशत हिस्सेदारी अरविंदो रीयल्टी एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लि. को बेचने के लिए पक्का करार किया है। बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि काकीनाड़ा एसईजेड की हिस्सेदारी के स्थानांतरण के तहत केएसईजेड के पास काकीनाड़ा गेटवे पोर्ट लि. की 100 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी का भी अरविंदो रीयल्टी को स्थानांतरण किया जाएगा। केएसईजेड में इक्विटी हिस्सेदारी और उप-ऋण के बाद यह सौदा 2,610 करोड़ रुपये का बैठेगा। इस राशि में से 1,600 करोड़ रुपये सौदा पूरा होने तथा 1,010 करोड़ रुपये अगले दो-तीन साल में प्राप्त होंगे। इस सौदे के लिए नियामकीय और अन्य सांविधिक मंजूरियां ली जानी हैं। इस राशि का इस्तेमाल जीएमआर ग्रुप के कर्ज के बोझ को कम करने के लिए किया जाएगा।

भारत में 1000 करोड़ रुपये निवेश करने की तैयारी में एमजी मोटर्स

नईदिल्ली, चीन के सामानों का बहिष्कार करने की लोगों की भावना के चलते एमजी मोटर्स को काफी नुकसान हो रहा है। अब कंपनी ने तय किया है कि वह भारत के प्रमोशन डिपार्टमेंट (डीपीआईआईटी) से कहेगी कि वह भारत में फिर से कुछ निवेश करना चाहती है। बता दें कि एमजी मोटर्स की प्लानिंग है कि वह अपने नए मॉडल्स लॉन्च करने के लिए और अपना बिजनस बढ़ाने के लिए 1000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। एफडीआई के नियमों में बदलाव होने की वजह से कंपनी को कोई भी निवेश करने से पहले डीपीआईआईटी से मंजूरी लेनी होगी।एमजी मोटर्स इंडिया के प्रेसिडेंट और एमडी राजीव छाबड़ा ने कहा कि भारत सरकार को इस बात का फैसला करने का पूरा हक है कि देश के लिए क्या सही है और क्या नहीं। हर सरकार को देश के भले के बारे में सोचना होता है। भारत सरकार हर सही काम कर रही है। जब उनसे चीन के सामान के बहिष्कार की भावना की बात कही गई तो वह बोले कि यह सब शॉर्ट टर्म है, लेकिन अगर मीडियम से लॉन्ग टर्म में देखा जाए तो कंपनी की ग्रोथ होगी। वह बोले की बहुत सारे ऐसे उदाहरण हैं, जिसमें देशों के बीच तनाव होते हैं, लेकिन उसकी वजह से बिजनेस पर असर नहीं होता है।

एमजी मोटर्स ने पहले ही 3000 करोड़ रुपये भारत में निवेश किए हैं। इसने जनरल मोटर्स का प्लांट तक खरीद लिया है। अभी ये कंपनी भारत में हेक्टर प्रीमियम एसयूवी बेच रही है।

मारुति सुजुकी ने बनाई सीएनजी वाली 3 लाखवीं वेगन-आर

नईदिल्ली, भारत में सीएजी की गाड़ियों में सबसे अधिक बिकती है वेगन-आर एस। कंपनी ने ये 3 लाख कारें बनाने का आंकड़ा भी पार कर लिया है। हर सीएनजी गाड़ी में वेगन-आर एस सबसे अधिक सफल गाड़ी साबित हुई है। तभी को कंपनी का टैगलाइन भी है- दिखने में मजबूत, दिल से मजबूत वेगन-आर। वेगन-आर कार ने 3 पीढ़ियों में कंपनी ने करीब 24 लाख परिवारों को अपनी सेवा दी है। इस गाड़ी के शानदार डिजाइन, ऊंची सीट, अधिक जगह और अधिक यूटिलिटी वाली गाड़ी होने की वजह से करीब 24 फीसदी ऐसे भी ग्राहक हैं, जिन्होंने एक बार खरीदने के बाद दोबार फिर से इसी कार को खरीदा है। भारत में मारुति सुजुकी के मार्केटिंग और सेल्स के एग्जिक्युटिव डायरेक्टर शशांक श्रीवास्तव के अनुसार ये कार करीब दो दशकों में भारत की टॉप-10 कारों में अपनी जगह बनाए हुए है। मारुति सुजुकी वेगन-आर अपने सेगमेंट में एक बड़े मार्केट पर कब्जा किए बैठी है। 1999 में बाजार में आने के बाद से अब तक कंपनी ने जिन 24 लाख ग्राहकों को खुशी दी है, उनमें से करीब आधे लोग ऐसे थे, जिनकी ये पहली कार रही है।

2000 के बाद से कंपनी की ये कार टॉप-5 बेस्ट सेलिंग कारों में अपनी जगह बनाए हुए है। और अब इस कार ने 3 लाख का माइलस्टोन भी पार कर लिया है, जो दिखाता है कि कंपनी के पास बहुत सारे लॉयल कस्टमर हैं। कंपनी के एग्जिक्युटिव डायरेक्टर ने कहा है कि सफलता के लिए और वेगन-आर एस सीएनजी कार को बेहद सफल बनाने के लिए वह ग्राहकों का तहे दिल से धन्यवाद करते हैं। वेगन-आर एस सीएनजी कार में ऑटो फ्यूल चेंजओवर स्विच की सुविधा मौजूद है। प्रति किलो सीएनजी पर ये कार 33.54 किलोमीटर का माइलेज देती है। इसमें बीएस6 इंजन दिया गया है।

रिजर्व बैंक ने शहरी सहकारी बैंकों में साइबर सुरक्षा के लिये पांच सूत्रीय प्रस्ताव रखा

मुंबई,भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) के समक्ष आने वाले साइबर सुरक्षा खतरों से निपटने के लिये पांच- सूत्रीय वाले रणनीतिक दृष्टिकोण 'गार्ड' को सामने रखा। रिजर्व बैंक ने अपने दस्तावेज 'शहरी सहकारी बैंकों की साइबर सुरक्षा के लिये तकनीकी दृष्टिकोण 2020-23' में कहा कि साइबर घटनाओं और हमलों की संख्या, आवृत्ति तथा प्रभाव हाल के दिनों में कई गुना बढ़ गया है। ये यूसीबी समेत वित्तीय क्षेत्र के मामले में काफी बढ़े हैं। उसने कहा, अतः यह आवश्यक हो गया है कि साइबर हमलों से बचाव, उनकी पहचान, प्रतिक्रिया तथा उनसे उबरने के लिये यूसीबी की साइबर सुरक्षा को विस्तृत बनाया जाये। रिजर्व बैंक के पांच स्तंभों वाले रणनीतिक दृष्टिकोण 'गार्ड' में गवर्नेंस ओवरसाइट, यूटाइल टेक्नोलॉजी इन्वेस्टमेंट, उपयुक्त विनियमन एवं पर्यवेक्षण, मजबूत सहयोग और आवश्यक आईटी व साइबर सुरक्षा कौशल विकसित करना शामिल है। आरबीआई ने कहा कि प्रौद्योगिकी दृष्टिकोण दस्तावेज को विभिन्न हितधारकों से विचार प्राप्त करने के बाद औपचारिक रूप दिया गया है।

सरकार ने फेम चरण-दो के तहत 670 ई-बसों, 241 चार्जिंग स्टेशनों की मंजूरी दी

नईदिल्ली,सरकार ने फेम इंडिया योजना चरण-दो के तहत महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात और चंडीगढ़ के लिए 670 इलेक्ट्रिक बसों की मंजूरी दी है। इसके अलावा योजना के तहत मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, गुजरात और पोर्ट ब्लेयर के लिए कुल 241 चार्जिंग स्टेशनों की मंजूरी दी है। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने शुक्रवार को कहा कि यह फैसला केंद्र की पेट्रोलियम ईंधन पर निर्भरता को कम करने और वाहन से उत्सर्जन के मुद्दे को हल करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरणनुकूल सार्वजनिक परिवहन के दृष्टिकोण के भी अनुरूप है। जावड़ेकर ने कहा, ''यह एक अच्छी शुरुआत है। शहरों में ई-बसों, ई-रिक्शा, ई-स्कूटी तथा ई-कारों से पर्यावरणनुकूल परिवहन को आगे बढ़ाया जा सकता है।'' मंत्री ने कई ट्वीट कर बताया कि कोल्लम के लिए 25 चार्जिंग स्टेशनों, तिरुवनंतपुरम के लिए 27, मलप्पुरम (सभी केरल) के लिए 28 चार्जिंग स्टेशनों की मंजूरी दी गई है। पोर्ट ब्लेयर के लिए 10 और तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली के लिए 25 चार्जिंग स्टेशनों को मंजूरी दी गई है। जावड़ेकर ने कहा कि बिजलीचालित वाहनों को प्रोत्साहन के लिए चार्जिंग स्टेशन सबसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा है। उन्होंने कहा, ''पहले ही विभिन्न शहरों में 450 बसें दौड़ रही हैं। अब 670 ई-बसों को मंजूरी दी गई है। महाराष्ट्र के लिए 240, गुजरात के लिए 250, गोवा के लिए 100 और चंडीगढ़ के लिए 80 ई-बसों को मंजूरी दी गई है। केरल और अन्य राज्यों के लिए भी ई-चार्जिंग स्टेशन मंजूर किए गए हैं।'' भारी उद्योग एवं लोक उपक्रम मंत्रालय के तहत भारी उद्योग विभाग अप्रैल, 2015 से फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग (हाइब्रिड एंड) इलेक्ट्रिक वेहिकल्स इन इंडिया (फेम इंडिया) योजना को चला रहा है। यह योजना देश में इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों को प्रोत्साहन देने के लिए बनाई गई है। अभी एक अप्रैल, 2019 से तीन साल के लिए फेम इंडिया योजना के चरण-दो का कार्यान्वयन किया जा रहा है। इसके लिए कुल 10,000 करोड़ रुपये का बजटीय समर्थन उपलब्ध कराया गया है।

जंगली जानवर आये दिन छीन रहे किसानों का निवाला, सिस्टम मौन

लोक संहिता प्रतिनिधि

कोटद्वार। विधानसभा कोटद्वार के विभिन्न क्षेत्रों में जंगली जानवरों के द्वारा किसानों की खड़ी फसल को बर्बाद करने का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है, जिससे किसानों के सम्मुख रोजीरोटी का संकट खड़ा हो गया है।

हालांकि किसानों के द्वारा कई बार शासन प्रशासन को जंगली जानबरों को आबादी की तरफ आने से रोकने को लेकर कई बार लिखित एवं मौखिक शिकायत करने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाये हैं, जिससे समस्या जस की तस बनी हुई है। गौरतलब है कि कोटद्वार विधानसभा के नगर निगम में शामिल हो जाने के बाद भी जंगल की सीमा से लगे लगभग साठ प्रतिशत से अधिक लोग अपनी खेती किसानी के माध्यम से अपने परिवारों का भरण पोषण करते हैं। लेकिन आये दिन जंगली जानवरो के द्वारा किसानों की खड़ी फसल को चट कर जा रहे है, जिससे किसानों के सम्मुख रोजीरोटी का संकट खड़ा हो गया है। विधानसभा कोटद्वार के लालपानी, सनेह, नाथूपुर, कंभीचौड, ग्रास्टनगंज, बालासौड, बीईएल रोड, झंडीचौड, कलालघाटी, सिगड्डी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अधिकांश लोगों के द्वारा खेती किसानी की जाती है, जिससे वे अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। लेकिन जंगली जानवर खड़ी फसल को चौपट कर उनके अरमानों पर पानी फेर रहे है। जिससे किसानों के चेहरे मुरझा रहे है। यदि शासन प्रशासन के तरफ से किसानों को कोई मद्द नहीं मिली तो आने वाले समय में किसाना खेती करना बंद कर देगा। सामाजिक कार्यकर्ता एवं नगर निगम के पार्षद सुखपाल शाह का कहना है कि जंगली जानवरों के द्वारा खेती को नुकसान को लेकर कई बार शासन प्रशासन को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराने के बाद भी कोई ठोस कार्यवाही अमल में नहीं लायी गयी है, जबकि पूर्व में जंगलों से सटे ग्रामीणों को जंगली जानवरों को भगाने के लिए वन विभाग की तरफ से पटाखे एवं गांधी बंदूके दी जाती थी, तथा वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी जिप्सी के माध्यम से लगातार सर्च आपरेशन चलाते थे, जिससे जंगली जानवरों का आबादी क्षेत्र में आना बंद हो गया था, इसके अलावा काफी जगहों पर हाथी सुरक्षा दीवार का निर्माण भी करवाया गया था, लेकिन कई सालों से मरम्मत के अभाव में हाथी सुरक्षा दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो गयी है, जिससे अब हाथी एवं जंगली जानवर आसानी से आबादी क्षेत्र में धमक रहे है, तथा खड़ी फसल को बर्बाद कर रहे हैं।

एडीएम ने ली विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक

लोक संहिता प्रतिनिधि

पौडी। जिला न्यायाधीश, जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा दिये गये निर्देशों के कम में अपर जिलाधिकारी डॉ. एसक्रेबरनवाल ने आज अपने कार्यालय कक्ष पौड़ी गढ़वाल में जनपद में कोरोना वायरस कोविड-19 के संकमण से रोकथाम एवं बचाव हेतु किये जा रहे कार्यों की स्वास्थ्य विभाग, जिला आपदा प्रबन्धन एवं सूचना विभाग के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कोरोना संकमण से रोकथाम एवं बचाव हेतु समय-समय पर जारी गाइडलाइन का अनुपालन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए किये जा रहे कार्यों की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद में कोटद्वार/पोड़ी/श्रीनगर के न्यायालय परिसरों के कार्यालयों/न्यायालय अवधि के दौरान पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक कोविड-19 संदिग्ध व्यक्तियों के ज्वर परीक्षण एवं रेपिड एंटीजन परीक्षण कराये जाने हेतु एक मेडिकल टीम न्यायालय में व्यवस्थित करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये।

दीन दयाल उपाध्याय के जन्म दिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटे मास्क व चश्में

लोक संहिता प्रतिनिधि

कोटद्वार। भाजपा भाबर मंडल के कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के सह-संस्थापक पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भाबर महाविद्यालय में मास्क व चश्मों का वितरण किया। शुक्रवार को संगठन कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि कि जनसंघ के संस्थापक सदस्य दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन भारतीय राजनीति को अंतिम व्यक्ति के उत्कर्ष हेतु सदैव प्रेरित करता रहेगा।

निस्वार्थ सेवा की भावना उनमें स्वाभाविक रूप से थी। कहा उनके द्वारा दिया गया मानवीय एकता का मंत्र हम सबका मार्गदर्शन करता है।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष चन्द्र मोहन जसोला, महामंत्री गौरव जोशी, प्रकाश बलोदी, अजय कुमार, नितिन दिवाकर, सागर कंडवाल, विवेक जखमोला, सुमित नेगी आदि मौजूद रहे।

शासक नहीं सेवक बनकर पीड़ितों को न्याय दिलाना मेरा मकसद- नरेन्द्र बिष्ट

नवागत कोतवाल नरेन्द्र सिंह बिष्ट ने विधिवत ग्रहण किया कोतवाली का पदभार, शराब, जुए, अवैध खनन सहित सत्यापन पर रहेगी नजर।

लोक संहिता प्रतिनिधि

कोटद्वार। थाना कोतवाली में नवागत कोतवाल नरेन्द्र सिंह बिष्ट ने विधिवत अपना पदभार ग्रहण कर दिया है। नवागत कोतवाल ने कोतवाली का प्रभार संभालने के बाद पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि पुलिस के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ाने के लिए लिए पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाया जाएगा व अपराधियों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। कहा कि शहर में ऋइम कंट्रोल व ट्रेफिक कंट्रोल करने के

लिए सभी चौकी इंचाजौ व ट्रेफिक इंचार्ज के साथ बैठक करते हुए उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए जायेगे ।

गौरतलब है कि बीते दिनों तत्कालीन शहर कोतवाल मनोज रतूडी का स्थानान्तरण हो गया था जिनके स्थान पर श्रीनगर के कोतवाली के कोतवाल नरेन्द्र सिंह बिष्ट को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कोटद्वार बनाया गया। शुक्रवार को नरेन्द्र सिंह बिष्ट ने कोतवाली पहुँचकर कार्यभार ग्रहण किया । उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून का राज स्थापित करना उनकी प्राथमिकता है।

शासक बनकर नहीं सेवक बनकर पीडितों को न्याय दिलाना है । अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ शराब तस्करी, अवैध खनन, जुए के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए कार्रवाई करेंगे। नगर की यातायात व्यवस्था व बाहरी लोगों का शत प्रतिशत सत्यापन को पुलिस की प्राथमिकता बताया है।

सड़कों में गढ्ढो के चलते आवाजाही में हो रही परेशानी

लोक संहिता प्रतिनिधि

कोटद्वार। भाबर क्षेत्र के अन्तर्गत मोटाढांक चौराह के बीच में हुए गड्ढों के कारण लोगों को आवाजाही में दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर राज्य आंदोलनकारी नंदलाल धनगर ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि मोटाढांक चौराह के ठीक बीच में बड़े-बड़े गड्ढे हो गये है, जिनकी चपेट में आने से आए दिन दो पहिया वाहन घायल होते रहते हैं, लेकिन न तो जिम्मेदार प्रशासन और न ही जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान देने की जहमत उठा रहे हैं। जिस कारण लंबे समय से समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने प्रशासन से जनहित में शीघ्र ही सड़क की मरम्मत कराये जाने की मांग की है।

राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के स्थापना दिवस पर स्वंय सेवियों ने पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प

लोक संहिता प्रतिनिधि

कोटद्वार। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर इण्टर कॉलेज परसुण्डाखाल की एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता कार्य करके मेरा पौधा मेरा मिस अभियान के तहत पौधरोपण करके पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प लिया।

कार्यक्रम अधिकारी सुरजी नेगी के मार्गदर्शन में स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने अपने अपने गांवों में सम्पर्क मार्गों, पंचायत घरों और प्राथमिक व्रिालय की साफ सफाई करने के साथ ही मेरा पौध मेरा मिस अभियान के तहत अपने घरों में फलदार पेडो और फूलों के पौधो का रोपण किया।

विद्यालय के छात्र अमन ने उत्तराखण्ड राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय देहरादून द्वारा आयोजित स्वर्ण जयंती उत्सव समारोह में अपनी स्वरचित कविता का ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण किया। स्वयंसेवी ममता, गीतांजलि, प्रेरणा, साक्षी, सोनाली, साधना और योगेश की टीम ने अपने गांव रद्दूली के रा0प्रा0व्रिालय में स्वच्छता अभियान चलाकर खरपतवार और झाड़ियां काटकर सफाई की जबकि अमन कुमार, मनीष नेगी, करण कुमार, अनुराग, प्रियांशु पटवाल, निशा नीतृ मनीष, कुसुम गौरी, रिया, गीतिका पार्वती रावत, राधिका, कशिश, प्रिया नेगी, सलोनी नेगी, ममता गीतांजलि, प्रेरणा, सोनाली, साक्षी और साधना ने मेरा पौधा-मेरा मिस अभियान के तहत अपने अपने घरों में फूलों के पौधे तथा फलदार पौधे रोपकर पर्याव्रिरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

एनएसएस स्थापना दिवस पर बालिका इंटर कालेज की स्वंय सेवियों चलाया स्वच्छता अभियान

लोक संहिता प्रतिनिधि

कोटद्वार। राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज कलालघाटी में एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा एनएसएस स्थापना दिवस की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण, स्वच्छता, योगासन, एवं सांस्कृति, कार्यक्रम किए गये कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मंजु कपरवाण ने बताया कि कोविड-19 महामारी के चलते स्वयंसेवियों ने घरों पर रहते हुए नियमों का पालन करके कार्यक्रम को बडे उत्साह से मनाया। कार्यक्रम में विशेष रूप से स्वाति नेगी, प्रियांशी, शिवानी नेगी, प्रियंका, अंजली, अश्विनी, मानसी, दिशा, रेशमा, हिमांशी, याशिका ने सभी कार्यक्रमों में प्रति

भाग किया।

डॉ0 मंजु कपरवाण ने कहा कि रा0से0यो0छात्राओं को समाज सेवा के साथ साथ उनकी बहुमुखी प्रतिभा को उजागर करने का अवसर देती है।

एनजीटीओ ने की निजी विद्यालयों की वेतन शीट की जांच कर वेतन दिलाने की मांग

चम्पावत। एनजीटीओ (नॉन गवर्नमेंट टीचर्स आर्गनाइजेशन) ने एडीएम टीएस मर्तोलिया व मुख्य शिक्षाधिकारी माध्यमिक डीएस राजपूत को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने प्रशासन से समिति का गठन कर निजी विद्यालयों की वेतन शीट जांचने और शिक्षकों को वेतन दिलाए जाने की मांग की है। शुक्रवार को दिए ज्ञापन में जिलाध्यक्ष राहुल सिंह देव और पंकज राय का कहना था कि निजी विद्यालय कोरोना संक्रमण के बीच शिक्षकों का शोषण कर रहे हैं।

कई निजी विद्यालयों ने शिक्षकों को वेतन नहीं दिया है। जिन विद्यालयों ने वेतन दिया भी है तो उसमें 50 से 70 फीसदी कटौती की जा रही है।

जनपद में कोरोना के 554 एक्टिव केस, अभी तक 16 की हुई मौत

लोक संहिता प्रतिनिधि

पौड़ी। जनपद में कोरोना वायरस कोविड-19 के सक्रमण से रोकथाम एवं बचाव हेतु जिला प्रशासन हर स्थिति से निपटने के लिए सक्रियता से कार्य में जुटा है। जिला प्रशासन/स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों द्वारा लोगों को सामाजिक दूरी का पालन करने, अनिवार्य रूप से मास्क का प्रयोग करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

साथ ही खॉसी, जुखाम, बुखार, कफ, सॉस की तकलीफ आदि रोग की लक्षण होने पर करीब के स्वास्थ्य केन्द्र अथवा आपदा कन्ट्रोल रूम दूरभाष नम्बर 01368-221840, तथा वार रूम कोविड 19 दूरभाष नम्बर 01368-222213, पर सूचित करने के निर्देश दिये गये हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में स्थापित वार रूम से प्राप्त रिर्पोट के अनुसार जनपद में आइसोलेशन व रेण्डम रूप से 36095 सैम्पल जांच हेतु भेजे गये, जिनमें से 31327 नेगेटिव, 3215 लम्बित तथा 1553 कोरोना संक्रमित रोगी पाये गये। कोरोना संक्रमित 1553 में से 983 स्वास्थ्य हो चुके है, जबकि 16 की मृत्यु हुई तथा 554 एक्टिव केस हैं। जनपद में वर्तमान समय में 153 रोगी आइसोलेशन में भर्ती है, जिनमें 43 बेस हॉस्पिटल श्रीकोट तथा 110 बेस हॉस्पिटल कोटद्वार में है। कोविड केयर सेंटर के अन्तर्गत 300 लोग हैं, जिनमें 31 नर्सिंग कॉलेज डोबश्रीकोट, 04 परमार्थ निकेतन स्वार्गाश्रम ट्रस्ट, 10 सीसीसी कोड़िया कैम्प में, 09 गीता भवन स्वर्गाश्रम ट्रस्ट में, 02 डीसीसीसी सतपुली में तथा 244 होम आइसोलेशन में है। आइसोलेशन से भर्ती 390 कोरोना संदिग्ध लोगों का सैम्पल जांच हेतु भेजा गया, जिनमें से 331 के निगेटिव तथा 59 की पॉजिटिव रिपोर्ट आयी है। वहीं क्वारंटाइन आदि अन्य स्थलों में बाहर से आये 32590 लोगों का रेण्डम रूप से ली गई सैम्पल जांच हेतु भेजा गया, जिनमें से 28056 के निगेटिव, 3215 के लंबित तथा 1319 पॉजिटिव (जिसमें 02 संक्रमित जनपद टिहरी जनपद के) रिपोर्ट आया। जनपद में 3812 लोगों को विभिन्न क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की निगरानी पर होम क्वारंटाइन में रखा गया है।

नगर सेवायोजन अधिकारी आज करेगें बेबिनार के माध्यम से युवाओं से संवाद

लोक संहिता प्रतिनिधि

पौड़ी। जनपद के अन्तर्गत स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं के लिए स्वरोजगार के साथ ही पर्यावरणीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण 'मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना' के अन्तर्गत स्थापित पावर प्लांट व साथ ही अन्य वैकल्पिक व्यवसाय किये जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान किए जाने हेतु नगर सेवायोजन अधिकारी पौड़ी द्वारा 26 सितम्बर, 2020 को अपराह्न 12:00 बजे से वेबिनार के माध्यम से युवाओं से सीधा संवाद किया जायेगा। योजना के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु परियोजना अधिकारी (उरेडा) शिव सिंह मेहरा व महाप्रबन्धक उद्योग केन्द्र कोटद्वार मृत्युंजय सिंह भी उपस्थित रहेंगे। नगर सेवायोजन कार्यालय, पौड़ी से प्राप्त जानकारी के अनुसार होप पोर्टल पर पंजीकृत ऐसे युवा जिन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में स्वरोजगार हेतु रूचि अंकित की थी, उनसे दूरभाष पर वार्ता कर संवाद में प्रतिभाग हेतु लिंक प्रेषित किया जा चुका है। सौर ऊर्जा पावर प्लांट स्थापित करने के इच्छुक अन्य युवा भी उक्त वेबिनार में प्रतिभाग हेतु 26 सितम्बर, 2020 के पूर्वाह्न 10:00 से 11:00 बजे तक दूरभाष नम्बर 9411729796 के माध्यम से पंजीकरण कर लिंक प्राप्त कर सकते हैं। राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा के आवश्यकताओं की पूर्ति तथा वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों के विकास हेतु प्रदेश के उद्यमशील युवाओं, प्रवासियों एवं कृषकों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान किये जाने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना' संचालित की जारी है।

लापता बुजुर्ग व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव

पिथौरागढ़। तेजम तहसील के मल्ला भैस्कोट में छह दिन बाद एक बुजुर्ग व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिला है।

ग्राम प्रधान हरीश सिंह ने बताया कि खड़क राम 78 पिछले छह दिन से घास काटने जाने के बाद लापता थे। छह दिन पूर्व जब वे घास काटकर शाम को घर नहीं लौटे तो परिवार वालों ने खोजबीन शुरू की। छह दिन बाद शुक्रवार सुबह एक गांव वाले की नजर गधेरे में पड़ी जहां कपड़े दिखाई दे रहे थे। जब ग्रामीण नीचे उतरे तो उन्हें खड़क राम का क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला।

बीएड पाठ्यक्रम में सिर्फ डायट से प्रशिक्षित डीएलएल अभ्यर्थियों को शामिल करने पर बीएड प्रशिक्षित युवा संघ ने जताया रोष

लोक संहिता प्रतिनिधि

कोटद्वार। बी0एड0 प्रशिक्षित युवा संघ बी0पी0वाई0एस0 की वार्चुअल बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें वक्ताओं ने सरकार और उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा बी0एड0 पाठ्यक्रम में सिर्फ डायट से प्रशिक्षित डी0एल0एल0 अभ्यर्थियों को शामिल किये जाने पर रोष व्यक्त किया गया।

संघ के संरक्षक सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य परमानन्द बलोदी की अध्यक्षता में हुई वर्चुअल बैठक में संघ के प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने कहा कि वर्तमान में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा द्विवर्षीय बीएड कोर्स के लिए आवेदन मांगे जा रहे है।

जिसमें सिर्फ सरकारी डायट से द्विवर्षीय डीएलएड प्रशिक्षितों को ही आवेदन करने का मौका दिया जा रहा है। जबकि राज्य में हजारों की संख्या में एमआईओएस द्वारा डीएलएड प्रशिक्षित टीचर मौजूद हैं।

जो कि मुक्त विश्वविद्यालय के बी0एड0 पाठ्यक्रम में आवेदन नहीं कर पा रहे है। जबकि उनको भी केन्द्र सरकार वर्तमान में शिक्षा आयोग में ही एनआईओ एस से डीएलएड करवाया है तो फिर उन्हें बी0एड0 कोर्स के लिये क्यों रोका जा रहा है।

उन्होंने शिक्षा आयोग के केन्द्र शिक्षा मंत्री से हस्तक्षेप करने की मांग की। संघ के संरक्षक परमानन्द बलोदी की अध्यक्षता में हुई वर्चुअल बैठक में संघ के प्रवक्ता अरविंद दुदपुडी, डॉ0 अलय खंतवाल, अनुग्रह सिंह, कमल किशोर धस्माना, नीरज खत्री, आशीष डोभाल, शिखा चौधरी, अनूप बिष्ट, पुनीत डोभाल, दीपक डोबरियाल, वंदना, मधु जदली, पूनम कश्यप, रविकांत डुकलान, यजुवेन्द्र सिंह, सुशील, पूजा नवीन गौड़ आदि मौजूद रहे।

बेस चिकित्सालय में होगी कोरोना जांच

पिथौरागढ़। सीमांत के लोगों को अब कोरोना जांच के लिए लंबा इंतजार नहीं करना होगा। केंद्र सरकार से जनपद में आरटीपीसीआर जांच के लिए लैब निर्माण को स्वीकृति मिल गई है। बेस अस्पताल में लैब निर्माण के लिए भूमि का चयन किया गया है। केंद्र सरकार से लैब निर्माण के लिए जरूरी सामग्री पहुंच गई हैं। सीमांत जनपद में लैब बनने से चंपावत के लोगों को भी लाभ मिलेगा। सीएमओ डॉ. एचसी पंत ने कहा कि आरटीपीसीआर जांच के लिए केंद्र सरकार की स्वीकृति मिल चुकी है।

जन्म दिन पर रोपा समलौंण पौधा

लोक संहिता प्रतिनिधि

थलीसैंण। राठ क्षेत्र के विकासखंड थलीसैंण के पट्टी कन्डारस्यूं में ग्राम डोबरा में गणेश मणि गौड की पुत्री कुमारी मनीषा के जन्मदिवस के अवसर पर घर के आंगन में नारंगी का समळौंण पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन गांव की समलौण सेना नायिका श्रीमती सुषमा देवी ने किया। उन्होंने कहा कि समळौंण आन्दोलन हर संस्कारों का रिश्ता है।

इसे हर ग्रामीण स्वीकार कर रहे हैं। कार्यक्रम में समळौंण सैना की सदस्य श्रीमती रोशनी देवी आरती देवी लक्ष्मी देवी गीता देवी पूजा भट्ट रोशनी देवी आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

सुभागा देवी की स्मृति ने रोपा समलौण पौधा

लोक संहिता प्रतिनिधि

थलीसैंण। राठ क्षेत्र के विकासखंड थलीसैंण के पट्टी कन्डारस्यूं के ग्राम पैठाणी में भगवानसिंह कंडारी की धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती सुभागा देवी की स्मृति में श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर पिंडदान की याद में उनके तीनों पुत्रों मोहन सिंह कंडारी विक्रम सिंह कंडारी बृजमोहन सिंह कंडारी ने बेलपत्र का समळौंण पौधा रोपकर मां को याद किया। पौधे के संरक्षण की जिम्मेदारी स्वर्गीय श्रीमती सुभागा देवी के पति

भगवानसिंह कंडारी ने ली। कथावाचक शिवस्वरूप नौटियाल महाराज ने कहा कि समळौंण एकअनोखी परंपरा एवं रीति रिवाज है। जो कि जीवनपर्यंत चलने वाली पहल है। जो पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए बच्चे से लेकर वृद्ध व्यक्ति तक वृक्षों के प्रति भावनात्मक जुड़ाव भी हो रहा है। कार्यक्रम में गांव की समळौंण सैना नायिका श्रीमती सुनीता देवी भन्डारी ने कहा कि आज हमारा गांव पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समळौंण आन्दोलन के तहत हर संस्कारों में समळौंण पौधारोपण की पहल कोअपना रहें हैं। कार्यक्रम का संचालन समळौंण आन्दोलन के संयोजक रामकृष्ण नौटियाल ने किया। इस अवसर पर आचार्य राघवानंद नौटियाल, महावीर प्रसाद नौडियाल, दामोदर प्रसाद गोदियाल रामदयाल नौडियाल, पूर्ण सिंह कंडारी, मातबर सिंह कंडारी, सतेसिंह सिंह कंडारी व गांव की समलौण सेना की सदस्य श्रीमती संगीता देवी, रिंकी देवी, बसु देवी, विमला देवी आदि मौजूद रहे।

लोकसंहिता

आर.एन.आई.

UTTHIN/2015/71054

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विभु ग्रोवर द्वारा गढ़वाल पोस्ट प्रेस भारूवाला क्लेमेंटाउन जिला देहरादून से मुद्रित करवाकर गैराज रोड, निकट गढ़वाल सिनेमा, कोटद्वार गढ़वाल उत्तराखण्ड से प्रकाशित

सम्पादक-विभु ग्रोवर

मो. 9837276662

8958551111

नोटः किसी भी वाद-विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र कोटद्वार गढ़वाल उत्तराखण्ड होगा।

e-mail: loksanhita@gmail.com